


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 22 अप्रैल 2026 | दिन - बुधवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 84 | मूल्य - 5 रुपये









## बुधवार तक समझौता न होने पर ईरान पर बमबारी की धमकी, ट्रंप ने युद्धविराम बढ़ाने से किया इनकार

वाशिंगटन, (भाषा)।

***अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि अगर तेहरान बुधवार को समाप्त हो रहे दो सप्ताह के युद्धविराम से पहले अमेरिका के साथ किसी समझौते पर सहमत नहीं होता है, तो वह ईरान पर बमबारी शुरू कर देंगे। सीएनबीसी के ''स्क्वॉक बॉक्स'' कार्यक्रम में यह पूछे जाने पर कि क्या वह ईरान के साथ युद्धविराम की अवधि बढ़ाएंगे ताकि शांति वार्ता के माध्यम से युद्ध समाप्त करने के लिए कोई समझौता हो सके, ट्रंप ने कहा, ''मैं ऐसा नहीं करना चाहता।''***



उन्होंने कहा, ''उन्हें बातचीत करनी है। और, आप जानते हैं कि एक चीज कहना चाहूंगा...ईरान अपनी स्थिति को काफी मजबूत कर सकता है। अगर वे समझौता कर लेते हैं, तो वे फिर से एक मजबूत राष्ट्र, एक शानदार राष्ट्र बन सकते हैं।'' ट्रंप ने कहा कि अगर बुधवार को बिना किसी समझौते के युद्धविराम समाप्त हो जाता है, तो वह ईरान पर फिर से हमला शुरू करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, ''मैं बमबारी करने की उम्मीद कर रहा हूं क्योंकि मुझे लगता है कि यही बेहतर रुख है।'' राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें लगता है कि अमेरिका हफ्तों से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए ईरान के साथ एक शानदार समझौता करेगा।

ईरान के साथ शांति वार्ता के दूसरे दौर से अपनी अपेक्षाओं के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा, ''मुझे लगता है कि उनके पास कोई विकल्प नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''हमने उनकी नौसेना को नष्ट कर दिया है, हमने उनकी वायु सेना को नष्ट कर दिया है, हमने उनके नेताओं को हटा दिया है।'' ट्रंप ने कहा, ''हमने उनके नेताओं को हटा दिया है, जिससे एक तरह से मामला थोड़ा जटिल हो जाता है, लेकिन ये नेता कहीं अधिक तर्कवादी हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह सत्ता परिवर्तन है, चाहे आप इसे कुछ भी कहें, जो मैंने करने का वादा नहीं किया था, लेकिन मैंने इसे अप्रत्यक्ष रूप से कर दिया है।'' पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्ला तरार ने मंगलवार शाम कहा कि उनका देश अमेरिका के साथ वार्ता के दूसरे दौर में ईरान की भागीदारी के संबंध में अब भी औपचारिक प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा कर रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि युद्धविराम बुधवार तड़के चार बजकर 50 मिनट पर समाप्त हो रहा है। तरार ने कहा, ÷दो सप्ताह के युद्धविराम की समाप्ति से पहले वार्ता में भाग लेने का ईरान का निर्णय अत्यंत महत्वपूर्ण है। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया कि शांति वार्ता में भागीदारी के संबंध में अब तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। अमेरिका और ईरान के बीच 11 और 12 अप्रैल को हुई पहले की दौर की वार्ता बेनतीजा समाप्त हो गई, वहीं दूसरे दौर को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

## मप्र विधानसभा का एकदिवसीय सत्र 27 अप्रैल को.. महिला आरक्षण रहेगा केंद्र में

भोपाल, (भाषा)।

लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक के पारित नहीं होने के कुछ दिन बाद 27 अप्रैल को मध्यप्रदेश विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। इस विशेष सत्र में महिलाओं के सशक्तीकरण सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस विशेष सत्र को लेकर मंगलवार को अधिसूचना जारी की गई।

एक अधिकारी ने बताया कि अधिसूचना के अनुसार, सदन में नारी शक्ति वंदन - महिलाओं का समग्र विकास और उनका सशक्तीकरण' पर चर्चा होगी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को लोकसभा में विधेयक का समर्थन नहीं करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा था और घोषणा की थी कि इस मामले पर चर्चा के लिए राज्य विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाएगा।




## गोंदिया के सहयोग हॉस्पिटल की बड़ी उपलब्धि

## लेप्रोस्कोपिक तकनीक से जटिल सर्जरी कर वृद्ध महिला को स्कवैमस सेल कार्सिनोमा (कैंसर) से कराया मुक्त..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया संहित समूचे मध्यभारत में स्वास्थ्य सेवाओं में सफलताओं के रिकार्ड बनाने वाले गोंदिया के सहयोग मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक जटिल यूरो-ऑन्कोलॉजी सर्जरी को उन्नत लेप्रोस्कोपिक तकनीक की मदद से सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया।***




यह सर्जरी अस्पताल के अनुभवी यूरोलॉजिस्ट एवं यूरोसर्जन डॉ. मयूर चौरे द्वारा की गई, जिसमें एनेस्थेसियोलॉजी टीम के डॉ. शीतल धरमखेले, डॉ. आशीष नासरे एवं डॉ. मितेश राठी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। गौरतलब है कि यूरोलॉजिस्ट एवं यूरोसर्जन डॉ. मयूर चौरे एक अनुभवी एवं कुशल सर्जन हैं, जिन्हें जटिल यूरोलॉजिकल एवं यूरो-ऑन्कोलॉजी सर्जरी में विशेष दक्षता प्राप्त है। वे आधुनिक एवं मिनिमली इनवेसिव तकनीकों, विशेष रूप से लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के माध्यम से मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार करते हैं।

अपने अनुभव, सटीक निर्णय क्षमता और मरीज-केंद्रित दृष्टिकोण के चलते उन्होंने कई जटिल मामलों में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं, जिससे मरीजों को न केवल बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिलता है, बल्कि तेजी से रिकवरी भी संभव हो पाती है। ज्ञात हो कि 65 वर्षीय महिला पिछले 6 महीनों से दाहिनी कमर (फ्लैंक) में लगातार दर्द से परेशान थीं। स्थानीय उपचार से राहत नहीं मिलने पर उन्हें आगे के इलाज के लिए सहायोग हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। विस्तृत जांच में दाहिनी किडनी में गंभीर हाइड्रोनेफ्रोसिस पाया गया, जिसका कारण निचले यूरेटर में स्ट्रिक्चर और संदिग्ध गांठ थी। सिस्टोस्कोपी द्वारा बायोप्सी लेने पर हिस्टोपैथोलॉजी रिपोर्ट में स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा (कैंसर) की पुष्टि हुई।

आमतौर पर इस प्रकार के कैंसर का पता उन्नत अवस्था में चलता है, जिससे इसका पूर्वानुमान चुनौतीपूर्ण होता है, हांलांकि इस मामले में सीटी स्कैन के माध्यम से रोग प्रारंभिक एवं उपचार योग्य अवस्था में पहचाना गया। संपूर्ण जांच और विस्तृत काउंसलिंग के बाद मरीज को सर्जरी के लिए तैयार किया गया। सर्जिकल टीम ने सफलतापूर्वक लेप्रोस्कोपी सहायक दाहिनी रेडिकल नेफ्रोयूरेटरेक्टॉमी, ब्लैडर कफ एक्सिशन एवं उसी ओर की पेल्विक लिम्फनोड डिसेक्शन किया। यह ऑपरेशन लगभग 6-7 घंटे तक चला और पूरी प्रक्रिया के दौरान कोई जटिलता नहीं हुई। ऑपरेशन के बाद मरीज की रिकवरी पूरी तरह सामान्य और सुचारु रही।

अंतिम हिस्टोपैथोलॉजी रिपोर्ट में कैंसर का पूर्ण निष्कासन (कम्पलिट रिमूवल) हुआ। सर्जरी के 3 महीने बाद मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ हैं, सामान्य जीवन व्यतीत कर रही हैं और पूर्णतः कैंसर मुक्त हैं। डॉ. मयूर चौरे ने बताया कि इस प्रकार की जटिल स्थिति में लेप्रोस्कोपी सहायता से किया गया यह अपने प्रकार का पहला सफल ऑपरेशन है, जिसमें उत्कृष्ट सर्जिकल एवं ऑन्कोलॉजिकल परिणाम प्राप्त हुए। डॉ. चौरे ने यह भी कहा कि सहयोग हॉस्पिटल में अनुभवी नर्सिंग स्टाफ, 24×7 डॉक्टरों की उपलब्धता तथा अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से उपचार प्रदान किया जाता है, जिससे मरीजों को बड़े शहरों की ओर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

**इस अवसर पर डॉ. सौरभ वर्धानी (यूनिट हेड, सहायोग हॉस्पिटल गोंदिया) ने बताया कि अब जटिल से जटिल ऑपरेशन भी सहयोग हॉस्पिटल में सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय मरीजों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं यहीं उपलब्ध हो रही हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात मरीज पूरी तरह कैंसर मुक्त हैं और स्वस्थ जीवन जी रही है।**

## बालाघाट में राईस मिल एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र (मोनु) भगत कर रहा गुंडागर्दी..

### गर्रा गांव के किसान का 10 लाख का गबन कर नही लौटा रहा राशि..

### केस दर्ज करने पर दे रहा शिकायत वापस लेने जान से मारने की धमकी..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट नगर में एक समय यूवा राईस मिलर्स एवं व्यवसायी के रुप में जितेन्द्र (मोनु) भगत ने अच्छी छबी निर्मित की थी, तथा राईस मिल एसोसिएशन जैसे प्रतिष्ठित संगठन के अध्यक्ष पद पर भी मोनु भगत को अवसर दिया गया था, लेकिन अपनी कारगुजारियों के कारण जहां मोनु***

भगत को राईस मिलर्स सदस्यों ने पद से अलग करते हुए उनसे दूरीयां बना ली, वहीं इसके बाद भी कारोबारी मोनु भगत के आचरण में सुधार नहीं होता दिख रहा है, तथा अब मोनु भगत के खिलाफ उनके ही ग्राम के एक यूवक द्वारा 10 लाख रुपये के गबन का आरोप लगाते हुए मामला पुलिस तक एवं न्यायालयीन कार्यवाही तक के लिये पहुंचा दिया गया है, जिसके बाद अब मोनु भगत गुंडागर्दी पर उतर आया है, तथा उसके द्वारा स्वयं एवं पूर्व से चिन्हित कुछ गुंडा तत्वों के साथ मिलकर फरियादी ग्राम गर्रा निवासी दिलीप भैरम को धमकीयां दी जा रही है, जिसकी शिकायत दिलीप भैरन ने थाना कोतवाली बालाघाट एवं पुलिस अधीक्षक बालाघाट के समक्ष शिकायत की है।


शिकायतकर्ता दिलीप भैरम

शिकायत में ग्राम गर्रा निवासी जितेंद्र उर्फ मोनू भगत के संदर्भ में दिलीप भैरम ने बताया कि मोनू भगत द्वारा एक बड़ी 10 लाख रुपये उससे ली गई थी और अब लगभग दस लाख रुपए की राशि लौटाई नहीं जा रही है। शिकायतकर्ता दिलीप भैरम के अनुसार जब उसने इस मामले के कानूनी का सहारा लेते हुए विधिवत नोटिस भिजवाया तो मोनू भगत एवं उसके पक्ष के लोगों ने उसे धमकियां देनी शुरू कर दी। लगातार धमकियां मिलने से डरकर दिलीप भैरम ने बताया कि वह आज पुलिस अधीक्षक बालाघाट एवं थाना प्रभारी कोतवाली बालाघाट को इस मामले में अपराध दर्ज करवाने पहुंचा है। पीड़ित भैरम ने बताया कि वह पेशे से किसान और कांट्रेक्टर भी है, उसके द्वारा लेन देन की पहले भी शिकायत की गई थी परन्तु कोई कार्यवाही नहीं होने से उसे न्यायालय का सहारा लेना पड़ा, परंतु अब भगत परिवार के लोगों द्वारा उन्हें कोर्ट में पेशी के नहीं जाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है और पेशी में जाने पर जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। फरियादी दिलीप भैरम ने जितेंद्र भगत उसके भाई विनोद भगत एवं श्रीमती मनीषा भगत द्वारा उसको धमकाए जाने की शिकायत दर्ज कराई है।

## सुप्रिया सुले ने प्रचार के अंतिम दिन सुनेत्रा के लिए रिकॉर्ड जनादेश का आह्वान किया..

पुणे, (भाषा)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) सांसद सुप्रिया सुले ने मंगलवार को अपने चचेरे भाई दिवंगत अजित पवार की विरासत का आह्वान करते हुए मतदाताओं से अपील की कि वे प्रचार के अंतिम दिन बारामती विधानसभा उपचुनाव में उनकी भाभी उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को रिकॉर्ड मतों के अंतर से जिताएं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की प्रमुख सुनेत्रा पवार का चुनावी मुकाबला 22 उम्मीदवारों से है। सुनेत्रा के पति एवं प्रदेश के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजित पवार की 28 जनवरी को एक विमान हादसे में मौत होने के कारण यह चुनाव जरूरी हो गया था। सुले ने कहा, ''किसी ने कभी नहीं सोचा था कि हमारे जीवन में यह दिन आएगा। आज भी कोई यह विश्वास नहीं कर पा रहा है कि अजित दादा अब हमारे बीच नहीं हैं। उनकी अनुपस्थिति का दर्द हमेशा हमारे साथ रहेगा।'' उन्होंने मतदाताओं से सुनेत्रा पवार के लिए एकजुट होने का आग्रह किया और कहा कि निर्णायक जनादेश दिवंगत नेता को एक श्रद्धांजलि होगी। दिवंगत नेता ने विधानसभा में आठ बार बारामती का प्रतिनिधित्व किया था।

लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने कहा, ''मुझे उम्मीद थी कि यह चुनाव निर्विरोध होगा। दुर्भाग्य से कुछ लोगों ने चुनावी मैदान में बने रहने का विकल्प चुना। हालांकि, मुझे विश्वास है कि 'वहिनी' (मराठी भाषा में भाभी) रिकॉर्ड अंतर से जीत हासिल करेगी।'' सुले ने कहा कि अजित पवार ने महाराष्ट्र में बारामती के लिए एक विशिष्ट पहचान बनाई थी और उनकी विरासत को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। सुले ने कहा, ''महा विकास आघाडी, राकांपा (शप), सोनिया गांधी, उद्धव ठाकरे और राकांपा की ओर से मैं आपको आश्वस्त करती हूं कि सभी लोग सुनेत्रा पवार के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे।'' विमान दुर्घटना वाले दिन को याद करते हुए सुले ने बताया कि वह सुबह की सैर पर थीं जब उन्हें पार्थ पवार (अजित पवार के बेटे) का फोन आया। फोन पर उन्होंने सुले को घटना के बारे में सूचित किया।



जग प्रेरणा
# जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# सीधे गेंहू खरीदिए और खराब है तो मुआवजा और बीमा दीजिए - घनश्याम



जगप्रेरणा सिवनी।

***सीधे गेंहू खरीदिए और खराब है तो मुवावजा और बीमा दीजिए उपरोक्त मांग जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोडिया ने अपने साथी जनपद सदस्यए सरपंचों एवं किसानों के साथ***

कलेक्ट्रेड जाकर कलेक्टर से किया एवं पत्र में लेख किया है कि वर्तमान में एम एस पी पर गेहूं खरीदी का कार्य चल रहा हैए लेकिन कुछ खरीदी केन्द्रों पर गेहूं को चमक विहीन बता कर खरीदी से इंकार किया जा रहा है। जबकि गेंहू में कोई खराबी नहीं है कटाई के समय बे मौसम बारिश होने से चमक कम हुई हैए गेंहू बड़ा या काला नहीं हुआ है खाने योग्य है।

पत्र में मुख्य रूप से मांग की गई है कि खड़ी फसल में कटाई के समय बारिश हो जाने से भीगे गेंहू की हमेशा खरीदी होती रही और खड़ी फसल में भीगे गेंहू से कोई दिक्कत भी नहीं है क्योंकि दाने के जर्मनेशन या रोटी इत्यादि बनाने में कोई समस्या नहीं रहती है क्योंकि हम गेंहू को पानी से धोने के बाद ही गेंहू का आटा बनवाते हैं। आधे से अधिक मध्यप्रदेश में गेंहू की फसल पानी से भीगी है परंतु अधिकारियों द्वारा सिवनी के कुछ चुनिंदा खरीदी केन्द्रों का गेहूं रिजेक्ट किया जा रहा है। सिवनी जिला की सबसे बड़ी कातलबोडी सहकारी समिति क्षेत्र में एक भी खरीदी केंद्र नहीं बनाया गयाए इस समिति में 21 गांव के 3200 किसान आते हैं। जबकि समिति क्षेत्र के बीच में कारीरात में बेयर हाउस खाली है एवं करहैया में ओपन कैब बना हुआ हैए पर उपार्जन करने वाले अधिकारियों द्वारा समिति क्षेत्र से बाहर जाकर नरेला गांव में 5. 5 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं जिससे अधिकारियों एवं शासन की खरीद की मंशा समझ से परे है।

जिले में उच्चतम उत्पादन वाली भाटीबाडा मडुआ सहकारी समिति में भी उचित केंद्र नहीं खोले गएए इस कारण यहां के किसानों को भी मोहगांव में स्थापित केंद्र में फसल ले जाना पड़ रहा हैए जबकि इस समिति क्षेत्र में शायलो बैग स्थापित है जिसमें खरीदी बड़ी सुविधा से होती हैए पर शायद सायलो में खरीदी से कुछ लोगों के पेट में मरोड़ आती है क्योंकि सायलो वालों का काम बड़ा इमानदारी से और साफ सुथरा रहता आगे कहा गया कि खड़ी फसल पर कटाई पूर्व बारिश में भीगने के कारण अधिकांश किसानों का गेंहू रिजेक्ट किया जा रहा है और बताया जा रहा है कि शासन की दृष्टि में ऐ खाने योग्य नहीं हैए उन किसानों को बे मौसम बारिश प्राकृतिक आपदाद्ध से फसल क्षति का मुआवजा और फसल बीमा क्लेम दिलाओए क्योंकि शासन की नजर में फसल खराब हो चुकी है तो बीमा क्लेम और मुआवजा का प्रावधान है।

प्रति वर्ष 25 मार्च से गेंहू खरीदी चालू हो जाती थी परंतु इस साल सरकार की लापरवाही के कारण बारदाने उपलब्ध नहीं हो पाए और खरीदी 3 हफ्ते की देरी से चालू हुई है और आगे भी बारदाने की कमी की पूर्ण सम्भावना है। पांच एकड़ से अधिक रकवे वाले किसानों के स्लाट बुक नहीं हो रहे हैं और कुछ किसानों का रकवा सेटेलाइट द्वारा असत्यापित बताया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि सरकार किसानों का गेहूं खरीदी की सरकार की मंशा नहीं है।

आगे घनश्याम सनोडिया जिला पंचायत सदस्य ने जिला प्रशासन को पत्र के माध्यम लिखित रूप से अवगत कराया है कि गेंहू की सम्पूर्ण खरीदी सुचारू रूप से की जाए यदि गेहूं रिजेक्ट किया जाता है तो फसल क्षती पूर्ति के रुप में बे मौसम बारिश से पीड़ित किसानों को मुआवजा एवं फसल बीमा क्लेम देने की कार्रवाई करें और आप नहीं करेंगे तो मैं किसानों की ओर से जनहित याचिका हाईकोर्ट में दाखिल करुंगा।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में 260 आवेदन प्राप्त





जगप्रेरणा सिवनी।

***प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।***

जनसुनवाई में कुल 260 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत एवं अपर कलेकेटर श्री सी एल चनाप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम जूनापानी रैयत निवासी लगुनसी उइके द्वारा प्रदूषित पेयजल समस्या का निराकरण किये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम पांजरा निवासी ऋषि कुमार दुबे द्वारा भू-अधिकार पट्टा दिलाये जाने विषयक, रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी निवासी धनीराम बरमैया द्वारा मकान का पट्टा दिलाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम मरकावाडा निवासी मिथलेश मरकाम द्वारा आवासीय भूमि में बने मकान का पट्टा दिलाये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम ग्राम अरी निवासी प्रदीप मेश्राम द्वारा परिवार समग्र आई डी में पत्नी एवं बच्चे का नाम जोड़े जाने विषयक, ग्राम गंगई रैयत निवासी महेश बरमैया द्वारा विकलांगता प्रमाण पत्र दिलाये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम बोरीकला निवासी रहीम खान द्वारा आवास निर्माण के लिए सहायता प्रदाय किये जाने विषयक, शहीद वार्ड सिवनी निवासी मुन्नी बाई द्वारा गैस कनेक्शन दिलाये जाने विषयक, संजय वार्ड सिवनी निवासी दयावती द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम मूंडापार निवासी रजनीश सोनटके द्वारा शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाये जाने विषयक, सिवनी निवासी अशोक कुमारी साहू द्वारा नल कनेक्शन दिलाये जाने विषयक, ग्राम तिघरा सिवनी निवासी भरोस सतनामी द्वारा वृद्धापेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम टिकारी सिवनी ओंमशंकर डहेरिया द्वारा नकल दिलाये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम पिंडराबोडी निवासी हेमराज धुर्वे द्वारा शासकीय योजना अंतर्गत कुआ एवं पाईप लाईन के अपूर्ण कार्य को पूरा कराये जाने विषयक, ग्राम कान्हीवाडा निवासी अर्जुन उइके द्वारा कक्षा 9वी से कक्षा 12वीं तक छात्रवृत्ति दिलाये जाने विषयक, ग्राम सीलादेही सिवनी निवासी हुकुमचंद सनोडिया एवं अन्य द्वारा गेहूं खरीदी में समस्या के निराकरण किये जाने विषयक, ग्राम चौरापाठा केवलारी निवासी सूरज डहेरिया द्वारा ग्राम में स्ट्रीट लाईट लगाये जाने विषयक, अंबेडकर वार्ड सिवनी निवासी श्याम सदाफल द्वारा धारणाधिकार प्रमाण पत्र दिलाये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम सिरमंगी निवासी संतोषी बाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना सूची में नाम जोड़े जाने विषयक, तुलसीनगर कालोनी डूंडासिवनी निवासी संतकुमार साहू द्वारा पेयजल पूर्ति प्रतिदिन कराये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम शिकारा निवासी बंदना वंशकार द्वारा पीएम आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम सरगापुर सिवनी निवासी विजय कुमार बघेल द्वारा किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम जैतपुरकला सिवनी निवासी करतार सिंह बघेल द्वारा जन्म प्रमाण पत्र दिलाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम लोपा निवासी रंजीत ठाकुर एवं अन्य द्वारा ग्राम में पक्की नाली निर्माण कराये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत महावीर वार्ड निवासी किरण जैन द्वारा आगजनी से हुई आर्थिक क्षति की सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, वार्ड क्रमांक 03 बरघाट निवासी पूनम मर्सकोले द्वारा आर्थिक सहायता दिलाये जाने विषयक, ग्राम आगरी कुरई निवासी मंगलू उइके द्वारा राजस्व रिकार्ड में नाम दर्ज कराये जाने विषयक, ग्राम भजिया लखनादौन निवासी धीरेंद्र कुमार टीमर द्वारा डूब भूमि का मुआवजा दिलाये जाने विषयक, ग्राम धपारा बरघाट निवासी राधेश्याम जामरे द्वारा सीसी रोड निर्माण कराये जाने विषयक, ग्राम उगली केवलारी निवासी प्रेमवती पति सहतलाल द्वारा धान उपार्जन की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम पाडरवानी बरघाट निवासी डीलनसिंह ठाकुर द्वारा नक्शा सुधार कराये जाने विषयक, ग्राम बाम्हनदेही सिवनी निवासी शांति उइके द्वारा बिजली कनेक्शन दिलाये जाने विषयक, ग्राम सिहोरा रैयत लखनादौन निवासी जमनाबाई चीचले द्वारा संबल कार्ड की राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम पद्दीकोना निवासी रघु गोनगे द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने विषयक, ग्राम हिवरा सिवनी निवासी महानंद बघेल द्वारा गरीबी रेखा की सूची में नाम जोड़े जाने विषयक, बरघाट निवासी विजय सूर्यवंशी द्वारा किडनी का ऑपरेशन के लिए सहायता राशि दिलाये जाने विषयक सहित कुल 260 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण किये जाने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये गये।

# गोरखपुर खुर्द में गहराते पेयजल संकट से ग्रामीण परेशान, कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन..

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433



जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले के गोरखपुर खुर्द गांव में गहराते पेयजल संकट से ग्रामीण परेशान हैं। मंगलवार को महिलाएं और ग्रामवासी खाली बर्तन लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे***

और कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया। ज्ञापन में बताया गया है कि क्षेत्र में लंबे समय से पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। गांव में लगे हैंडपंप और नल-जल योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन से पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।

कई हैंडपंप खराब पड़े हैं, जबकि कुछ जगहों पर भूजल स्तर गिरने से पानी आना बंद हो गया है।इस स्थिति के कारण महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज के इलाकों से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यह कार्य न केवल जोखिम भरा है, बल्कि इसमें काफी समय भी लगता है, जिससे उनकी दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में यह भी बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित विभागों को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। उन्होंने मांग की है कि खराब हैंडपंपों की तत्काल मरम्मत की जाए और आवश्यकतानुसार नए हैंडपंप लगाए जाएं।

साथ ही, नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन और मोटर पंप की जांच कर उन्हें दुरुस्त किया जाए, ताकि गांव में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित हो सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# नगर गौरव दिवस का आयोजन आज

जगप्रेरणा सिवनी।

***मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आज 22 अप्रैल 2026 दिन बुधवार को नगरपालिका प्रशासन सिवनी द्वारा आदि गुरू शंकराचार्य अवतरण दिवस को नगर गौरव दिवस सिटी डे के रूप में मनाया जा रहा है।***

इस अवसर पर 22 अप्रैल को सायं 06 बजे से मठ मंदिर सिवनी में आदि गुरू शंकराचार्य जी की मूर्ति का पूजन/अर्चन विशिष्ट अतिथियों जिले के सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष, जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में किया जावेगा साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व धर्मसभा का आयोजन किया जा रहा है। नगर गौरव दिवस सिटी डे के अवसर पर धर्मसभा में श्रीमद् जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराजश्री एवं ब्रम्हचारी निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज धर्म सभा को संबोधित करेंगे।

नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानाचंद सनोडिया एवं उपाध्यक्ष श्रीमति डॉली अमित डागौर द्वारा नगर के गणमान्य बंधुओं/नागरिको से अपील की जाती है कि दिनांक 22 अप्रैल 2026 को नगर के ऐतिहासिक मठ मंदिर में सायं 06 बजे से निकाय द्वारा आयोजित नगर गौरव दिवस कार्यक्रम पधारें एवं तथा महाराजश्री के मुखारबिंद से आर्शीवचन प्राप्त करें।

# बरघाट मे धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती..

जगप्रेरणा बरघाट।

***विष्णु भगवान के छठवें अवतार ब्राह्मण समाज आराध्य भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव अक्षय तृतीया पर मुख्यालय बरघाट में भव्यता के साथ मनाया गया। नगर बरघाट मे ब्राह्मण समाज की भूमि जो की वार्ड नंबर 13 में स्थित भगवान परशुराम जी पुस्तकालय एवं वाटिका फरसा स्थल पर***

प्रातः 9 बजे से विधी विधान से भगवान परशुराम जी का पूजन ब्राह्मण समाज ब्लाक अध्यक्ष शिवशंकर शर्मा एवं सुषमा शर्मा के द्वारा किया गया एवं जय घोष के नारे लगाए गया फरसा स्थल पर 30 फिट ऊंचे फरसा के साथ भगवान परशुराम का ध्वज फहराया गया जिसके बाद भव्य वाहन रैली प्रारंभ की गई जो कि फरसा स्थल से कबीर गार्डन के पास से कान्हीवाड़ा रोड़ से होते हुए बालाघाट रोड़ पहुंची, जहाँ लोगों ने फूलों से स्वागत के साथ ठंडा, फल खिलाकर स्वागत किया जिसके बाद वाहन रैली स्टेट बैंक के सामने नगर पालिका के सामने पहुंची जहां फूल माला, मीठा खिलाकर स्वागत किया जिसके बाद भगवान परशुराम की वाहन रैली राममंदिर के सामने पहुंची, जहाँ महिलाओं ने भगवान परशुराम जी का पूजन किया।

जहां रैली बस स्टैंड होते हुए गांधी चौक यहां भी लोगों ने भी फूलो से स्वागत के साथ ठंडा पिलवाया जिसके बाद वाहन रैली अस्पताल के सामने पहुंची जहां स्वागत कर भगवान का पूजन किया जहां से रैली कन्या शाला के सामने से राजराजेश्वरी चौक, मूडापार, उत्कृष्ट विद्यालय, बिजली विभाग होते हुए गायत्री मंदिर पहुंची जहां पर मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां समाज के गौरव वरिष्ठजनों के अतिथि में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जहां सबका स्वागत किया गया जहां सनातन धर्म प्रेमी आनंद ठाकुर सहित अन्य लोग भी इस कार्यक्रम पहुंचे व भगवान परशुराम का पूजन किया।

अंत में आशीष दीक्षित ने आभार व्यक्त किया व जिला ब्राह्मण समाज का भी आभार व्यक्त किया मंच संचालन अनिल पाठक ने किया।

# बकाया बिजली बिल तुरंत जमा करें अन्यथा कनेक्शन विच्छेदन तय..



जगप्रेरणा धूमा।

***विद्युत वितरण केंद्र धूमा के अंतर्गत समाधान योजना के बकाया बिजली बिलों की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया गया।***

अधीक्षण अभियंता सिवनी एवं कार्यपालन अभियंता लखनादौन के निर्देशन में धूमा वितरण केन्द्र के समाधान योजना के बकायादार उपभोक्ताओं के विरुद्ध प्रभावी कनेक्शन विच्छेदन एवं वसूली कार्रवाई के लिए, दिनांक 20 अप्रैल 2026 को विशेष 04 टीमों का गठन किया गया। इन टीमों में संभाग के अन्य वितरण केंद्रों के सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं एवं लाइन कर्मचारियों को शामिल किया गया, प्रत्येक दल को नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रो के समाधान योजना के बिजली बिल बकायादार उपभोक्ताओ के विद्युत् कनेक्शनो की कनेक्शन विच्छेदन की जिम्मेदारी दी गयी थी द्ध दलों द्वारा क्षेत्र में सघन निरीक्षण करते हुए बकायादार उपभोक्ताओं के कनेक्शन विच्छेदन तथा बकाया राशि की वसूली की कार्रवाई की गई एवं भुगतान करवाया गया ।

## नेशनल लोक अदालत 09 मई को..

जगप्रेरणा सिवनी।

***शनिवार 09 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय सिवनी, तहसील न्यायालय लखनादौन एवं व्यवहार न्यायालय केवलारी, छपारा एवं घंसौर में किया जाएगा।***

आयोजित नेशनल लोक अदालत में लंबित समझौते योग्य आपराधिक प्रकरण, समस्त प्रकार के दीवानी प्रकरण, पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, विद्युत संबंधी मामले तथा बैंक ऋण वसूली एवं जलकर वसूली के पूर्ववाद प्रकरणों का आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर निराकरण किया जाएगा।

आमजन एवं पक्षकारों से अपील की गई है कि वे नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाते हुए अपने प्रकरणों का निराकरण आपसी समझौते से कराएं, जिससे समय एवं धन दोनों की बचत हो सके।

# शासकीय खाद्यान्न की हेराफेरी के आरोपी संजू एवं महेंद्र हुए दोषमुक्त..

जगप्रेरणा सिवनी।

***लगभग सात वर्ष पूर्व नगझर वेयर हाउस सिवनी से कुरई तहसील की विभिन्न सोसाइटियों के माध्यम से गरीबों के जीवन निर्वाह हेतु आवंटित किए जाने वाले खाद्यान्न की हेराफेरी में आरोपी बनाए गए संजू काकोरिया पिता फूलसिंह निवासी कन्हीवाड़ा तथा महेंद्र यादव***

पिता लीलचंद यादव निवासी मंडला रोड डूंडा सिवनी को विद्वान तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी द्वारा बरी कर दिया गया है। आरोपीगण के विरुद्ध आरक्षी केंद्र कुरई द्वारा शासकीय खाद्यान्न की अमानत में ख़यानत अपराधिक न्यासभंग और अपराधिक षडयंत्र के साथ अत्यावश्यक वस्तु की हेराफेरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था तथा भा द वि की धारा 409, 120 बी एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 का अपराध कायम किया गया था।

सात वर्ष तक चले इस प्रकरण की सुनवाई के बाद उपरोक्त दोनों आरोपियों संजू एवं महेन्द्र को विद्वान न्यायधीश महोदय द्वारा अपने न्यायालय के सत्र प्रकरण क्रमांक एस टी 59/2021 मध्य प्रदेश शासन विरुद्ध संजू काकोदिया वगैरह में दोषमुक्त कर दिया गया। आरोपीगण की ओर से न्यायालय के समक्ष उनका पक्ष अधिवक्ता मोहम्मद आमिर खान अंकुश गढ़ेवाल मोहम्मद अयाज़ खान मोहम्मद यामीन आगा खान सतीश मालवी अंकित साहू द्वारा रखा गया।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

रुशी कलेक्शन
Mob.9309952509
सिंगल कुर्ती | टू - पीस | थ्री - पीस
वन - पीस | लहंगा | प्लाझो
जीन्स | ब्लाउज | कॉर्ड सेट
टि - शर्ट | टॉप | गाऊंड
होलसेल के रेट मे मिलते है ।
ब्युटी पार्लर
Mob.9309952509
बॉडी मसाज | लाईट मेकअप | हेयर स्टाईल | फेशियल | ब्लीच
वैक्स | क्लिनअप | ब्राईडल मेकअप | मेनिक्युअर | पेडिक्युअर | हेयर स्पा
● होम सर्विस उपलब्ध ● शादियों मे मेकअप के आर्डर लिये जाते है।



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


## बालाघाट मे 23 और 24 अप्रैल को राज्य स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता नूतन कला निकेतन में..

### अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और प्रदेश के जिलो के प्रतिभागी होंगे शामिल..

### वर्ल्ड खिलाड़ी मीना शर्मा भी दिखाएगी पॉवर लिफ्टिंग की शक्ति..



प्रेस कॉन्फ्रेस मे पॉवर लिफ्टिंग और वेट लिफ्टिंग एशोसिएशन के सुरेन्द्र जायसवाल एवं मधु हरपाल ने दी जानकारी..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिला मुख्यालय के नूतन कला निकेतन के सभागार में 23 और 24 अप्रैल को पॉवर लिफ्टिंग की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जा रहा है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और प्रदेश के अलग-अलग***

जिलो इंदौर, भोपाल, उज्जैन, छिंदवाड़ा, जबलपुर, मंदसौर, कटनी और झाबुआ सहित अन्य जिले के प्रतिभागीय शामिल होंगे। जिला पॉवर लिफ्टिंग और वेट लिफ्टिंग एशोसिएशन के बैनर तले आयोजित राज्यस्तरीय टूर्नामेंट को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में एशोसिएशन अध्यक्ष मधु हरपाल और सचिव सुरेन्द्र जायसवाल ने आयोजन की जानकारी दी। पदाधिकारीद्वय ने बताया कि वेट वर्ग में आयोजित दो दिवसीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में महिला एवं पुरूष प्रतिभागी शामिल होंगे। जिसमें सब जूनियर, जूनियर और सीनियर, वर्गो में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

खास बात यह है कि इस प्रतियोगिता में वर्ल्ड टूर्नामेंट में कजाकिस्तान में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली 52 वर्षीय पॉवर लिफ्टर मीना शर्मा भी शामिल हो रही है, जिन्होंने विदेश के टर्की और मलेशिया में देश का प्रतिनिधित्व किया है। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग में प्रतिनिधित्व करने वाले आनंद पटेल, चंदन चौधरी, अमन भगत, रितेश पाल, तुषार कदम, सुमितसिंह ठाकुर के साथ-साथ एकलव्य अवार्डी ध्रुवराज कोरे और परितेश पाल भी प्रतियोगिता में अपने पॉवर का जलवा दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभागी, पॉवर लिफ्टिंग की तीन विद्या बैंच, स्कॉट और डेड-लिफ्ट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर श्री मीना को दिया गया प्रशस्ति पत्र

जगप्रेरणा बालाघाट।

***राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा संचालित 'उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने पर राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक श्री हरजिंदर सिंह द्वारा बालाघाट कलेक्टर एवं जिला***

साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री मृणाल मीना को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान किया गया है। सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक श्री जीपी बर्मन एवं जिला सह-समन्वयक साक्षरता श्री दिनेश गौतम ने 21 अप्रैल को कलेक्टर श्री मीना को यह प्रशस्ति पत्र व शील्ड सौंपी। कलेक्टर श्री मीना के नेतृत्व में जिले में 15 वर्ष



से अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता उपलब्ध कराने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। 14 मार्च 2026 को आयोजित बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा में जिले ने 25 हजार के लक्ष्य के विरुद्ध 102.81 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर प्रदेश स्तर पर सराहनीय प्रदर्शन किया। कलेक्टर श्री मीना द्वारा साक्षरता एवं सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में निष्ठा, लगन और समर्पण के साथ किए गए कार्यों से मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरव प्राप्त हुआ है। इसी उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। जिले में साक्षरता अभियान की सफ्लता को प्रशासनिक दक्षता, सतत प्रयास और जन भागीदारी का परिणाम माना जा रहा है।

### मोटर लगाकर पानी लेने वाले लोगों पर कार्यवाही के लिये

## बालाघाट नगर पालिका सीएमओ ने की मोटर पंप जब्ती के लिये नगर पालिका की टीम गठित..

### नपा सीएमओ ने की नल कनेक्शन में मोटरपंप का उपयोग ना करने की अपील



ए आई जनरेटेड फोटो..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***ग्रीष्मकाल के दिनों में पेयजल हेतु शहर के 33 वार्डो में सुचारू रूप से जलप्रदाय किये जाने नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा समुचित प्रयास किये जा रहे है। आम तौर पर नपा के नल कनेक्शनों में मोटरपंप का उपयोग किये जाने से प्रेशर की समस्या एवं नागरिकों तक पेयजल ना***

पहुंच पाने की दिक्कतें उत्पन्न होती है इसके समाधान के लिये प्रभारी सीएमओ सूर्यप्रकाश उईके द्वारा जारी आदेशों के तहत नपा की जलप्रदाय शाखा द्वारा निगरानी टीम का गठन किया गया है जो वार्डो का भ्रमण करेगी और मोटरपंप का उपयोग पाये जाने पर उसे जब्ती की कार्यवाही करेगी। सीएमओ ने आदेश में आम नागरिकों को सूचना जारी करते हुए बताया है कि नगर पालिका परिषद बालाघाट शहर के सभी वार्डो के नल कनेक्शनों तक पानी पहुंचाने के लिये प्रतिबद्ध है, ग्रीष्मकाल के दिनों में जल की स्थिति गंभीर हो जाती है जिसके प्रभाव सामने आते है। इसका बड़ा कारण यह है कि कई घरों में नपा के नल कनेक्शन में मोटरपंप का उपयोग करके पानी खिंचा जाता है जिससे आगे पानी का प्रेशर नहीं बन पाता है। इसके समाधान के लिये नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा जलप्रदाय शाखा के माध्यम से टीम का गठन किया गया है जो प्रत्येक दिन नगर के वार्डो में भ्रमण करते हुए निगरानी बरतेगी और जहां भी नपा के नल कनेक्शन में मोटरपंप का उपयोग पाया जाता है उसे जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। शहर के आम नागरिकों से जलप्रदाय को लेकर इस ग्रीष्मकाल में सहयोग देते हुए नपा के शासकीय नल कनेक्शन में मोटरपंप का उपयोग ना किये जाने की अपील की है। जलप्रदाय टीम वार्डो में करेगी कार्यवाही के लिये सीएमओ के आदेश पर जो टीम गठित की गई है उसमें जलप्रदाय शाखा प्रभारी भुमेश्वर शिव, शाखा के राजकुमार कावरे, नपाकर्मी संतोष नागेश्वर, अनिल सहारे, अंकित सोनी, आशाराम बिसेन, मुकेश दियेवार, शंकर दुधबुरे, मुन्ना उइके, चेतन खरे, इंद्रकुमार मुंजारे, गोविंद हरदे, पुनीत बिसेन, लखन दुधबुरे, संदीप श्रीवास्तव का समावेश है जो गश्ती दल में रहेंगे।

जबकि जब्त मोटर की पर्ची लगाकर रजिस्टर में दर्ज कर स्टोर कर सुरक्षित रखने का काम सुशील नगरगड़े, जलकर वसूली प्रभारी एवं सभी जलकर वसूली कर्मचारी की जवाबदेही होगी। बताया गया कि वार्डो में कार्यवाही को लेकर संबंधित वार्ड के पार्षद को भी अवगत कराया जाये। उक्त अधिकारी, कर्मचारी कार्य योजना अनुसार कार्य करते हुए प्रतिदिन के कार्य का प्रतिवेदन नोडल अधिकारी ज्योति मेश्राम उपयंत्री जलप्रदाय शाखा को देंगे।

सीएमओ ने आदेश में कहा है कि उक्त सौपे गये दायित्वों में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं आदेश का उल्लंघन किये जाने पर मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 एवं अधिनियम के अंतर्गत दण्डनीय होगा और संबंधित अधिकारी-कर्मचारी पर दोषी पाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी।

## बालाघाट में बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा बैठक आयोजित, उत्कृष्ट विद्यालयो का हुआ सम्मान

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों की समीक्षा के लिए 21 अप्रैल को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए. के. उपाध्याय***





द्वारा किया गया, जो सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालाघाट के सभा कक्ष में संपन्न हुई। इसमें जिले के सभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं हाई स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित रहे। बैठक में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों की विस्तार से समीक्षा की गई।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय ने निर्देश दिए कि अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत द्वितीय परीक्षा में शामिल कराया जाए, ताकि उनके परिणाम में सुधार हो सके। इसके अलावा बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई, जिनमें सामान्य मरम्मत सत्र 2022-24 एवं 2024-25, फर्नीचर सत्यापन, समग्र शिक्षा अभियान, पीएमश्री योजना, छात्र नामांकन, पाठ्यपुस्तक वितरण, निःशुल्क साइकिल वितरण, पेंशन, सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की वेतनवृद्धि, समेकित छात्रवृत्ति, बैंक खाते अपडेट करना, न्यायालय के आदेशों का पालन एवं शिक्षकों के स्वत्वों का समय पर भुगतान शामिल रहे।

साथ ही ÷जल गंगा संवर्धन÷ कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों के आयोजन के निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं में 100 प्रतिशत परिणाम देने वाले जिले के 71 विद्यालयों एवं कक्षा 12वीं में 20 विद्यालयों के प्राचार्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बैठक का उद्देश्य जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाना तथा आगामी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम सुनिश्चित करना रहा।

## बालाघाटः राजस्व वसूली, सीएम हेल्पलाइन और सूर्य घर योजना की प्रगति पर सख्त निर्देश



जगप्रेरणा बालाघाट।

***आज दिनांक 21 अप्रैल 2026 को अधीक्षण अभियंता अमित कुमार (बालाघाट वृत) द्वारा वृत अंतर्गत समस्त कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर राजस्व वसूली एवं अन्य कार्यो की विस्तृत***

समीक्षा की गई। बैठक में समाधान योजना के तहत लंबित प्रकरणों पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए गए कि 5000 रुपये से कम बकाया वाले स्थायी विच्छेदित उपभोक्ताओं से तीन दिवस के भीतर शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जाए। वहीं 5000 रुपये से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर नियमानुसार बैंक खाता सीज, कुर्की जैसी सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जिन वितरण केंद्रों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही प्रतिदिन रात्रिकालीन शिविर आयोजित कर उपभोक्ताओं से सतत संपर्क बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कुछ केंद्रों द्वारा 100 प्रतिशत संतोषजनक निराकरण न करने पर नाराजगी जताई गई और सभी लंबित शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के निर्देश दिए गए।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ वितरण केंद्रों ने अप्रैल माह में एक भी कनेक्शन जारी नहीं किया है। इस पर सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि माह के शेष दिनों में प्रत्येक केंद्र से कम से कम 5 कनेक्शन जारी किए जाएं। इसके अतिरिक्त मानसून पूर्व मेंटेनेंस कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि किसी भी मेंटेनेंस या ब्रेकडाउन की स्थिति में उपभोक्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों को समय पर व्हाट्सएप, सोशल मीडिया एवं ढ्ढह्रस्र् पोर्टल के माध्यम से सूचना उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सभी कार्यों की शत-प्रतिशत प्रगति स्पेक पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य बताया गया, अन्यथा संबंधित वितरण केंद्र प्रभारियों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

## 26 अप्रैल को बालाघाट में राज्य सेवा व राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 का आयोजन..

### जिले में 09 केंद्रो पर शामिल होंगे 3866 परीक्षार्थी..

### बालाघाट जिले के लिए संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा आगामी 26 अप्रैल को राज्य सेवा व राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा बालाघाट जिले के 09 परीक्षा केंद्रो पर दो सत्रों में प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे एवं दोपहर 2:15 से 4:15 तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में 3866 परीक्षार्थी शामिल होंगे।***

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंडिकेट बैंक के पास भरवेली बालाघाट में 250, सरस्वती शिशु मंदिर वार्ड नं. 28 सरस्वती नगर बालाघाट में 300, वीरांगना रानी दुर्गावती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थाना कोतवाली के सामने बालाघाट में 500, शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में 500, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में 600, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज गायखुरी रोड बालाघाट में 400, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में 504, अपूर्व कांवेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल वार्ड नं. 04 फ्रेंड्स कॉलोनी बैहर रोड बालाघाट में 400 एवं शासकीय एमएलबी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट में 412 परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस प्रकार बालाघाट के 09 परीक्षा केंद्रो पर कुल 3866 परीक्षार्थी राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 में शामिल होंगे।

जिले के 09 परीक्षा केंद्रो पर 26 अप्रैल को राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 के सुव्यवस्थित संचालन के लिए 15 अप्रैल को अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में परीक्षा केंद्र से संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यो की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री निहित उपाध्याय, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय एवं स्वास्थ्य व विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि यह परीक्षा निर्विघ्न, सुव्यवस्थित एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आयोग द्वारा नवीन प्रक्रिया अपनायी जा रही है। जिसके अंतर्गत परीक्षा केंद्रो पर सीसीटीवी सर्विलेंस, बायोमेट्रिक फिक्सिंग एवं वीओआईपी की व्यवस्था लागू की जा रही है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत समस्त परीक्षा केंद्रो पर परीक्षार्थियों को परीक्षा के 90 मिनट पूर्व अनिवार्य रूप से प्रवेश दिया जाना है। बैठक में प्राचार्यो को निर्देशित किया गया कि वे आयोग के निर्देशानुसार 26 अप्रैल को परीक्षा का संचालन सुनिश्चित करें। परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने विशेष व्यवस्थाएं की हैं। इसी क्रम में बालाघाट जिले के लिए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्री चतुरभुज सिंह (9425899944) को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। वे परीक्षा से दो दिन पूर्व जिले में पहुंचकर सभी परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे और परीक्षा दिवस पर केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण भी करेंगे। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए.के. उपाध्याय (9424978600) को पर्यवेक्षक के लिए लाइजनिंग अधिकारी बनाया गया है। लाइजनिंग अधिकारी को निर्देशित किया गया हैं कि वे पर्यवेक्षक को हर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएं, जिसमें लिपिकीय सहायता, ई-मेल, कंप्यूटर सहित अन्य जरूरी सुविधाएं शामिल हैं।


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजना मोनु बर्वे उकवा
मो. 74156-52935

# कटनी जिले के करौदी में बनेगा भारत माता का भव्य मन्दिर - स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि..

## भारत माता मन्दिर प्रांगण में गौ शाला और गुरुकुल होगा संचालित





जगप्रेरएणा कटनी।

***अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानन्द ब्रह्म गिरि महाराज संगठन के साथियों के साथ मध्यप्रदेश के कटनी जिले के करौंदी ग्राम में पहुंच कर भारत का मध्य स्थल जिसे भारत का हृदय स्थल भी कहा जाता है यहाँ से कर्क रेखा भी गुजराती है।***

इस स्थान में हम भारत माता की विश्व की सबसे बड़ी और ऊंची मन्दिर स्थापित करना चाहते हैं। जिसके लिए हमने भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात हम भूमि मालिक से मिलकर चर्चा करेंगे। हमारी योजना इस स्थान पर भारत माता की सबसे ऊंची मन्दिर के साथ - साथ भगवान बजरंगबली जी की सबसे ऊँची मन्दिर स्थापित करेंगे। हम इस मन्दिर के माध्यम से विश्व भर में निवासरत सनातनियों को एक मंच पर लाकर ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र जो एक दूसरे के पूरक हैं किन्तु वर्तमान में कुछ मतभेदों केकारण वे अलग अलग होते जा रहें हैं उन्हें एक करना चाहते हैं। क्योंकि ब्राह्मण, क्षत्रीय, वैश्य और शुद्र हमारे शरीर के ही अंग हैं। जो एक दूसरे के बिना अधुरे हैं। आज हम देख रखे हैं की बुद्धिजीवी समाज भी अपने महापुरुषों के साथ देवी देवताओं में भी अतिक्रमण कर लिए हैं। कोई कहता है कि भगवान श्री राम जी मेरे हैं, कोई कहता है कि भगवान श्री कृष्ण जी मेरे है, कोई कहता है कि भगवान श्री परशुराम जी मेरे हैं, कोई कहता है कि भगवान विश्वकर्मा जी मेरे हैं ऐसे सारे सनातनियों ने अपने - अपने भगवानों का चयन कर सनातनियों को बाटने के काम में लगे हुए हैं जिससे हमारा सनातन कमजोर होता जा रहा है। सतयुग , त्रेता और द्वापर और कलयुग के प्रथम चरण में इस देश में कोई दूसरा धर्म नही था। सिर्फ हमारा सनातन धर्म ही था। हम अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के माध्यम से सभी सनातनियों को एक मंच में लाने का काम कर सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर रहें हैं। हम 15 नवम्बर से प्रारम्भ होने जा रहें ÷भारत माता परिक्रमा÷ जो 16295 किलो मीटर की यात्रा पूरी करते हुए दो देश और 29 प्रदेशों से होकर गुजरेगी। यह परिक्रमा राजस्थान से प्रारम्भ होकर गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, , छत्तीसगढ़, उड़ीसा,झारखंड , पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा , मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम से नेपाल काठमांडू, जनकपुर, विराटनगर से बिहार, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख, जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा से दिल्ली पहुंच कर महामहिम राष्ट्रपति जी, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मा. श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी एवं भारत के गृहमंत्री मा. श्री अमित शाह जी को ग्यारह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन देगें। ज्ञापन में भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना, गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाना, देश में हो रहे धर्मांतरण पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगाने विशेष कानून बनाने, देश में हो रहे लव जिहाद पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने शक्त से शक्त सजा का प्रावधान कर विशेष कानून बनाने, साधु संतों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून बनाने, देश के प्रत्येक तहसीलों में गुरुकुल की स्थापना कर सनातनी बच्चों को प्राचीन काल की तरह अस्त्र - शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा दिए जाने, देश के प्रत्येक तहसीलों में गौ शाला संचालित कर गौ शाला को साधु सन्तों के अधीन किए जाने, देश के बड़े मन्दिरों को सरकार टैक्स मुक्त कर मन्दिरों से प्राप्त राशी का उपयोग सनातनी बच्चों की शिक्षा, स्वस्थ, खेल कूद एवं शारीरिक व्यायाम पर खर्च किए जाने, साधु - सन्तों को तीर्थ धार्मिक स्थलों पर आने - जाने के लिए फ्री किराया पास जारी किए जाने, साधु - संतों एवं मन्दिर के पुजारियों को प्रतिमाह 25 हजार रुपया मानदेय के रूप में दिए जाने ऐसे ग्यारह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया जायेगा। ज्ञापन देने के पश्चात मध्यप्रदेश के कटनी जिले के करौंदी ग्राम पहुंच कर भारत माता मन्दिर निर्माण का भूमि पूजन किया जायेगा। भारत माता परिक्रमा से पूर्व 1 मई 2026 अमरकंटक से मां नर्मदा परिक्रमा किया जा रहा है। नर्मदा परिक्रमा का उद्देश्य मां नर्मदा जी से भारत माता परिक्रमा को सफल बनाने का आशीर्वाद प्राप्त करना है। यह नर्मदा परिक्रमा 3500 किलो मीटर का होगा जो अमरकंटक से प्रारम्भ होकर खम्बात की खाड़ी से होकर पुनः अमरकंटक में समापन होगा। भारत माता मन्दिर स्थल पर सभी देवी देवदाताओं की मूर्ति स्थापित करेंगे। जिससे सारे सनातनी एक स्थान में पहुंचकर अपने अपने इष्टों के दर्शन करेगें। उस स्थान पर स्वर्ग लोक और नर्क लोक का भी चित्रण किया जायेगा। जो पूरे विश्व में कहीं नहीं होगा। जिसके लिए अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच का एक - एक कार्यकर्ता तैयार है ..... स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच एवम् संस्थापक संयोजक सनातनी अखाड़ा 6267163039

# शासकीय सांदीपनि विद्यालय आमगांव का 10वी, 12वी का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत



जगप्रेरणा आमगांव।

***जिले के बैहर तहसील अन्तर्गत शासकीय सांदीपनि विद्यालय आमगांव ने वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुये लगातार दूसरे वर्ष भी शत-प्रतिशत परिणाम***

हासिल कर क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। विद्यालय के प्राचार्य श्री डी. एस. वाडिवे ने बताया कि विद्यालय में दसवी में कुल 92 विद्यार्थियों में से 78 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में तथा 14 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुये तथा बारहवी में कुल 84 विद्यार्थियों में से 77 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में तथा 07 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुये। दसवी में कु. बिन्दिया सहारे 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टापर रही तथा बारहवी में कु0 चचंल धुर्वे कला संकाय से 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टापर रही। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुये बधाईयॉ प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# कुएं में गिरने से एक 62 वर्षीय महिला की मौत..

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***बालाघाट जिले के परसवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बारिया में एक दर्दनाक हादसे में 62 वर्षीय महिला की कुएं में गिरने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतिका अगनवती बाई धुर्वे (62) 19 अप्रैल 2026 को शाम करीब 4 बजे***

अपने घर के पीछे स्थित सार्वजनिक कुएं से पानी भरने गई थीं। बताया जा रहा है कि पानी निकालते समय अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वे कुएं में गिर गईं, जिससे डूबने से उनकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को बाद में मिली। मृतिका की बेटी ममता मर्सकोले ने बताया कि वह एक पारिवारिक कार्यक्रम में गई हुई थीं, इसी दौरान यह हादसा हुआ।

सूचना मिलने पर ग्रामीणों की मदद से महिला को कुएं से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार मृतिका को लंबे समय से मिर्गी (फिट) की बीमारी भी थी, जिससे हादसे की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना 20 अप्रैल की सुबह पुलिस को दी गई, जिसके बाद परसवाड़ा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# 120 आवेदकों ने दिये समस्याओं के आवेदन, जनसुनवाई में कलेक्टर मृणाल मीना ने सुनी आवेदकों की व्यथा..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 21 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं अपर कलेक्टर श्री डीपी बर्मन ने***

आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 120 आवेदक अपनी समस्या लेकर आए थे। जनसुनवाई में वारासिवनी तहसील के ग्राम भांडी पिपरिया की पुष्पा बाई मेश्राम अपने दोनों विकलांग बच्चों की दवाइयों में सहायता की मांग लेकर आयी थी। पुष्पाबाई का कहना था कि वह एक गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली महिला है। उसकी 02 संताने है एक पुत्र और एक पुत्री और दोनों ही विकलांग है। जिनकी पालन पोषण व दवाइयों का खर्चा उठाने में उसे अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उसने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि उसके बच्चों के ईलाज व दवाइयों में सहायता की जाए। इस प्रकरण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

लामता तहसील अंतर्गत ग्राम हिरबाटोला के ग्राम पंचायत चमरवाही निवासी ओमप्रकाश ठाकरे शिकायत लेकर आये थे कि प्रधानमंत्री आवास योजना की लिस्ट से उसका नाम विलोपित कर दिया गया है। ओमप्रकाश ने बताया कि उसने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गृह निर्माण करने के ग्राम पंचायत चमरवाही में आवेदन प्रस्तुत किया था, जिसके तहत 2018 की सूची में उसका नाम दर्ज था, वहीं वर्तमान में केवल 244 हितग्राहियों का नाम ही लिस्ट में दर्ज है। ओमप्रकाश ने बताया कि इस संबंध में विस्तृत जानकारी लिए जाने पर उसे कोई स्पष्ट जानकारी न प्रदाय कर सरपंच सचिव द्वारा टालमटोल किया जा रहा है। इस प्रकरण में जनपद सीईओ बालाघाट को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

बालाघाट तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पेण्डरई निवासी शीला मोहारे शिकायत लेकर आयी थी कि उसे प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत घर निर्माण करने के बावजूद अब तक मजदूरी की राशि प्रदाय नही की गई है। शीला का कहना था कि उसे वर्ष 2025 में पीएम आवास योजना अंतर्गत आवास स्वीकृत किया गया था जिसके बाद उसका घर बनकर तैयार हो गया है किंतु अब तक उसे मजदूरी की राशि प्राप्त नही हुई है। ग्राम पंचायत में इस संबंध में जानकारी लेने पर हमेशा टालमटोल किया जाता है। अतः मुझे शीघ्र मजदूरी की राशि दिलाई जाए।

इस प्रकरण में जनपद सीईओ बालाघाट को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। जनसुनवाई में ग्राम कुकड़ा निवासी दीपक बघेले बिजली विभाग द्वारा मानसिक रूप से प्रताडित करने की शिकायत लेकर आये थे। दीपक बघेले ने बताया कि वह चांगोटोला में किराये की दुकान लेकर बढ़ईगिरी का कार्य कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता हैं। दीपक की दुकान में तीन फेस का बिजली कनेक्शन है, जिसका लोड वर्तमान में 6 किलोवाट है। दीपक ने बताया कि हाल ही में बिजली विभाग के अधिकारी द्वारा दुकान का निरीक्षण कर कार्रवाई की गई और उपयोग में आने वाली मशीनों के आधार पर 58,961 रुपये की पेनाल्टी लगा दी गई। विभाग द्वारा उन मशीनों को भी गिनती में शामिल किया गया, जो फील्ड कार्य के लिए उपयोग होती हैं या खराब स्थिति में रखी गई थीं। दीपक ने विभागीय कार्रवाई को अनुचित बताते हुए पेनाल्टी निरस्त करने की मांग की है। इस प्रकरण में अधीक्षण अभियंता एमपीईबी को आवश्येक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

जनसुनवाई में लालबर्रा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत लोहारा के सरपंच ग्राम में आंगनवाडी सहायिका की भर्ती की मांग लेकर आए थे। सरपंच धनेंद्र कडपेती का कहना था कि ग्राम दशहराटोला (लोहारा) में आंगनवाडी केंद्र क्रमांक 02 में आंगनवाडी सहायिका का पद रिक्त है। इस केंद्र में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों की संख्या लगभग 100 है। एवं गर्भवती व धात्री महिलाओं की संख्या लगभग 20 है। साथ ही किशोरी बालिकाएँ भी है। वहीं इस केंद्र को आदर्श केंद्र भी घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि यहा की कार्यकर्ता को सहायिका के अभाव में बहुत सी परेशानियों का सामना करना पडता है अतः शीघ्र इस केंद्र में सहायिका की भर्ती करायी जाए। इस प्रकरण में महिला एवं बाल विकास की जिला कार्यक्रम अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

जनसुनवाई में बैहर निवासी कौशल टेकाम समाज से बहिष्कृत कर दिए जाने की समस्या लेकर आयी थीं। कौशल का कहना था कि वह साल 2014 से परमात्मा एक मानव धर्म क़ो मान रही है व उसकी उस धर्म में सच्ची श्रद्धा है। 09 अप्रैल 2026 क़ो उसके देवर कैलाश टेकाम की तेरहवी का कार्यक्रम रखा गया था परन्तु समाज द्वारा इस कार्यक्रम का बहिष्कार किया गया और हमारे पूरे परिवार क़ो समाज व जाति से बाहर कर दिया गया है। इस प्रकरण में पुलिस अधीक्षक बालाघाट को कार्यवाही करने कहा गया है।

जनसुनवाई में ग्राम टवेझरी निवासी लता मेश्राम पति की मृत्यु के 11 माह बाद भी संबल योजना का लाभ नही मिलने की शिकायत लेकर आयी थी। लता मेश्राम का कहना था कि उसके पति श्रावण मेश्राम का निधन 24 मई 2025 को हो चुका है, लेकिन 11 माह बाद भी उसे 5 हजार रुपये की अंत्येष्टि सहायता मिली है और न ही 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि नही मिली है। इस प्रकरण में श्रम पदाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

# ग्राम मुंडेसरा में पंचायती राज दिवस पर विशेष कार्यक्रम, संविधान की प्रस्तावना वाचन सहित होगी अहम चर्चा..



जगप्रेरणा बालाघाट।

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिला बालाघाट द्वारा ÷संविधान एवं पंचायतीराज पखवाड़ा÷ कार्यक्रम के अंतर्गत 24 अप्रैल 2026 को ग्राम पंचायत मुंडेसरा में एक विशेष आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दोपहर 12:00 बजे से सामुदायिक भवन में आयोजित होगा, जिसमें पंचायती राज दिवस के अवसर पर संविधान से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा और विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संगठन की जिला अध्यक्ष मीरा सिंगनदुपे ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त करना है। कार्यक्रम के दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया जाएगा, जिससे उपस्थित जनों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित हो सके।

इसके साथ ही भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243, जो पंचायती राज व्यवस्था से संबंधित है, का वाचन एवं विस्तृत जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में 73वें एवं 74वें संविधान संशोधन पर भी चर्चा की जाएगी, जिनके माध्यम से स्थानीय स्वशासन संस्थाओं को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। साथ ही महिला आरक्षण विधेयक जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा, जिससे महिलाओं की भागीदारी को लेकर जागरूकता बढ़े।

इस अवसर पर एक विशेष सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा।

इसके अलावा कार्यक्रम में संकल्प प्रस्ताव पारित किया जाएगा और भविष्य की कार्ययोजना तैयार की जाएगी, ताकि पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को गति मिल सके और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके।

आयोजन को सफल बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, ग्राम अध्यक्ष, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के सभी ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी, तथा पार्टी के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में समय पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

मीरा सिंगनदुपे ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और संविधान के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433

# खरीफ-2026 के लिए फसलों के आधार एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध

## किसान बीज विकास निगम से प्राप्त कर सकते है बीज

जगप्रेरणा बालाघाट।

***फसलों के अधिक उत्पादन में उन्नत एवं प्रमाणित बीजों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसी तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए कृषि विभाग द्वारा खरीफ-2026 के लिए उन्नत बीज का इंतजाम किया गया है।***

खरीफफसलों के आधार एवं प्रमाणित बीज मप्र राज्य बीज विकास निगम से प्राप्त किये जा सकते है। उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि धान की जेआर-206, जेआर-21, पीबी-11-21, जीराशंकर, जेआर-10, एमटीयू-1010 का 1205 क्विंटल आधार बीज एवं 2573 क्विंटल प्रमाणित बीज किसानों के लिए उपलब्ध कराया गया है।

इसी प्रकार सोयाबीन की विभिन्न किस्मों का 143 क्विंटल आधार बीज एवं 63 क्विंटल प्रमाणित बीज, अरहर की भीमा, पी-16, तृप्ति किस्म का 56 क्विंटल आधार बीज एवं 80 क्विंटल प्रमाणित बीज, मक्का की जेएम-218 एवं जेएम-1014 किस्म का 58 क्विंटल आधार बीज एवं 90 क्विंटल प्रमाणित बीज तथा कोदो का 07 क्विंटल प्रमाणित बीज, बीज विकास निगम के बालाघाट कार्यालय में उपलब्ध कराया गया है। उपसंचालक श्री मालवीय ने बताया कि जिले के किसान बीज विकास निगम के आकाशवाणी कार्यालय के पीछे एवं रेशम कार्यालय के पास स्थित कार्यालय से खरीफ फसलों के आधार एवं प्रमाणित बीज प्राप्त कर सकते है।




## नाम सुधार सूचना

मै श्रीमती कविता पति अनिल कुमार गढ़वाल उम्र 42 वर्ष मलाजखंड तहसील बिरसा जिला बालाघाट की निवासी हूँ। मेरा विवाह 26/03/2006 को अनिल कुमार गढ़वाल के साथ जाति रीति रिवाज से सम्पन्न हुआ है। विवाह के पूर्व मेरा नाम कु. कविता पिता राजेन्द्र प्रसाद था और समस्त दस्तावेजो कु.व में कविता पिता राजेन्द्र प्रसाद दर्ज है। विवाह पश्चात अब मै श्रीमती कविता पति अनिल कुमार गढ़वाल निवासी मलाजखंड तहसील बिरसा जिला बालाघाट के नाम से जानी पहचानी जाती हूँ एवं मेरे समस्त दस्तावेजों में श्रीमती कविता पति अनिल कुमार गढ़वाल दर्ज किये जाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूँ ।

सूचना जारीकर्ता
श्रीमती कविता पति अनिल कुमार गढ़वाल, निवासी मलाजखंड, तहसील बिरसा, जिला बालाघाट







दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900

# पेट्रोल - माचिस लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंची वारासिवनी के सिकन्द्रा की महिला नौशाद कुरैशी..

## जमीन सीमांकन की शिकायत पर न्याय नहीं मिलने से आत्मदाह की दी चेतावनी..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट में मंगलवार 21 अप्रैल को कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान वारासिवनी तहसील के ग्राम सिकन्द्रा की एक महिला नौशाद कुरैशी पेट्रोल और माचिस लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंची।***

कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर रो रोकर महिला ने मीडिया और अन्य लोगों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में अपनी परेशानी बताई, तथा इंसाफकी मांग की। शिकायत पर सुनवाई न होने पर महिला ने आत्मदाह की धमकी भी दी। महिला के हल्ला करने और रोने बिलखने की आवाज सुनकर तथा मीडियाकर्मियों द्वारा जानकारी देने के बाद अधिकारी अपने कक्ष से बाहर आए और महिला से बात कर उसे आश्वासन भी दिया।





## पडोसी कर रहे मेरी जमीन पर कब्जा, मुझे बेदखल करने की कोशिश..

नौशाद कुरैशी ने कलेक्टर कार्यालय में बताया कि उसकी जमीन जो कि उसे उसके पिता से वारसान में प्राप्त हुई है, इस जमीन पर से आस पड़ोस के लोग उसे बेदखल करने का कई सालों से प्रयास कर रहे हैं। वो एक स्कूल चलाती थी, उसे भी पूर्व विधायक योगेन्द्र निर्मल ने विधायक रहते बंद करवा दिया था। वह मुस्लिम है, इसलिये उसके साथ अत्याचार किया जा रहा है। इतना ही नहीं महिला ने कहा कि पिछले एक साल से पड़ोसी ने उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया है, और जमीन का सीमांकर कर कार्यवाही करने की वह लगातार मांग कर रही है, लेकिन उसे न्याय नहीं मिल रहा है।

महिला नौशाद कुरैशी ने यह भी कहा कि उसने विधायक विवेक पटेल से भी गुहार लगाई, लेकिन विधायक ने भी कोई सहयोग नहीं किया। महिला ने चेतावनी दी है कि यदि बुधवार तक उनकी जमीन का सीमांकन नहीं होता है, तो वह आत्मदाह कर लेंगी।

## और फिर एसडीएम ने दिया आश्वासन..

गौरतलब है कि अधिकारियों के द्वारा नौशाद कुरैशी को भरोसा दिलाते हुए कहा कि बुधवार को उसकी जमीन का सीमांकन किया जाएगा। इस मामले में एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह प्रकरण काफी पुराना है और लंबे समय से लंबित है। उन्होंने कहा कि इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसे मीडिया के साथ साझा किया जाएगा।

# मलांजखण्ड में जनगणना 2027 हेतु प्रगणकों का प्रशिक्षण सम्पन्न, फील्ड अभ्यास से बढ़ा आत्मविश्वास

जगप्रेरणा बालाघाट।

***नगर पालिका परिषद् मलांजखण्ड द्वारा जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।***

यह प्रशिक्षण 19 अप्रैल से 21 अप्रैल 2026 तक नगर पालिका कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में चार्ज अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दिनेश बाघमारे ने सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का स्वागत करते हुए उन्हें अपने-अपने वार्डों में निर्धारित एचएलबी (हाउस लिस्टिंग ब्लॉक) के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात मास्टर ट्रेनर्स श्री संतोष उपाध्याय एवं श्री सौरभ शर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को जनगणना 2027 की पृष्ठभूमि और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान हैंडआउट और प्रोजेक्टर के माध्यम से जनगणना से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं और बारीकियों को समझाया गया। साथ ही प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को उनके दायित्वों और कार्यप्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।

प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक संचालित किया गया। अंतिम दिन प्रतिभागियों को सात टीमों में विभाजित कर फील्ड में आने वाली संभावित समस्याओं को लघुनाटक (रोल प्ले) के माध्यम से प्रस्तुत कराया गया, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। इसके अलावा, निकाय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 04 मोहगांव में फील्ड विजिट कर वास्तविक डेटा संकलन का अभ्यास भी कराया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षित किया। फील्ड अभ्यास के बाद सभी प्रशिक्षणार्थियों में कार्य को लेकर आत्मविश्वास में वृद्धि देखी गई। नगर पालिका द्वारा जनगणना 2027 के लिए द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 23 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा।









# विशेष अभियान के तहत जनजातीय हितग्राहियों के दावों में तेजी, 361 व्यक्तिगत व 224 सामुदायिक दावे मान्य..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशानुसार जिले में अगस्त 2025 से जनजातीय समुदाय के हितग्राहियों के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित कर***

पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र तैयार कराए गए, जिससे वनाधिकार संबंधी दावों के निराकरण में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बताया कि अभियान के तहत अब तक कुल 361 व्यक्तिगत दावों को मान्यता दी जा चुकी है। वहीं, वन ग्रामों के राजस्व ग्राम में समपरिवर्तन के फलस्वरूप 224 सामुदायिक दावे भी स्वीकृत किए गए हैं।

इसके अतिरिक्त सामुदायिक वन संसाधन संरक्षण के 10 दावों के आवेदन ग्राम एवं उपखंड स्तरीय समितियों के माध्यम से तैयार कराए गए हैं। इनमें से 5 दावों को उपखंड स्तरीय समिति द्वारा मान्यता देने की प्रक्रिया प्रगति पर है।

जिले में कुल 52 वन ग्रामों में ऐसे दावेदारों की पहचान की गई है, जिनके दावे अब तक लंबित हैं। प्रशासन द्वारा इन्हें चिन्हांकित कर व्यक्तिगत दावा प्रदान करने की कार्यवाही तेज कर दी गई है। इस प्रक्रिया को आगामी एक माह के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रशासन का यह प्रयास जनजातीय समुदाय के अधिकारों को सुनिश्चित करने एवं उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।













दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी

मो. 7697505999



जग प्रेरणा

लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा



विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433


# निर्धन परिवार को भेंट की अंत्येष्टि उपरान्त सहायता राशि एवं सामग्री





जगप्रेरणा किरनापुर।

***महावीर इंटरनेशनल ग्रुप किरनापुर की टीम द्वारा आज ग्राम की एक गरीब महिला कमला बाई की अन्त्येष्टि उपरांत उनके परिवार को***

तेरहवीं के कार्यक्रम हेतु संपूर्ण भोजन सामग्री चावल, पूर्ण सब्जी, दाल, किराना सामग्री खरीद कर परिवार को प्रदान की गई। यह सेवा कार्य महावीर इंटरनेशनल ग्रुप किनापुर के वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में किया गया जिसमे सभी का सहयोग प्राप्त हुआ सभी ने इस सहयोग हेतु मुक्त हस्त से अपना सहयोग प्रदान किया। जिस पर कमलेश कनोजे महावीर इंटरनेशनल मानव सेवा संस्थान किरनापुर अध्यक्ष द्वारा सभी वरिष्ठ सदस्यों को हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

इस सेवाभावी कार्य में जिन्होंने सहयोग किया उनमें वीर राजेंद्र श्रीवास्तव,वीर लखन यादव, वीर रोहित सोनी, वीर ओपी मिश्रा, वीर डीडी मेश्राम, वीर धर्मेंद्र वराडे, वीर नन्दलाल भगत, वीर बृजेश अग्रवाल जी, वीर मंगल प्रसाद रैकवार, वीर थानसिंग् बोपचे, वीर कृष्ण कुमार बावन्थडे, वीर महेंद्र तिवारी चिंटू जी, वीर किशोर तिवारी, वीर शाहिद ताजर सिंपी भाई सचिव महावीर इंटरनेशनल, वीर रितेश उपवन्शी, वीर राजेश भूते, महेंद्र तारन, वीर प्रणय सिंह चौहान, वीर सुमित रहेकवार वीर कमलेश कनोजे महावीर इंटरनेशनल ग्रुप किनापुर के अध्यक्ष एवं भोला ब्रम्हे जी का इस सेवा कार्य में सहयोग रहा। जानकारी देते हुए वीर कमलेश कनोजे ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल ग्रुप सेवा के लिए जाना जाता है। इस ग्रुप ने पूर्व में भी अनेकों सेवा कार्य किया है जिसमें निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन चश्मे दवाइयां फ्री अनेकों मेडिकल कैंप ,बच्चों के लिए किताबें बैग उपलब्ध करवाना जरूरत मंद लोगो की सेवा कार्य ही इनका उद्देश्य है जीव दया हेतु पक्षियों के लिए सकोरे लगाना।चौक चौराहे पर पानी प्याऊ की व्यवस्था करना और समय समय पर लोगो के साथ पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु पौधों का रोपण और संरक्षण करना इनकी प्राथमिकता रही हैं।

कोविड जैसी महामारी में हमारे महावीर इंटरनेशनल ग्रुप किरनापुर के अध्यक्ष और ग्रुप के सदस्यों ने हर संभव जनता की मदद की जो भुलाई नहीं जा सकती। इस क्रम में अध्यक्ष कमलेश कनोजे जी ने बताया कि हमारे ग्रुप द्वारा अभी और भी अनेकों कार्य करने है।वर्तमान में हमारी एक अच्छी टीम गठित हुई है जो समय समय पर अच्छे और सर्व हितार्थ कार्य सामाजिक कार्य करते रहेगी।

# कांग्रेस के सृजन संगठन अभियान.. कनेरी व सिंगोला में कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न







जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला***

अध्यक्ष ऋषि पटेल दशरिया के द्वारा लगातार क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव हिना कावरे के मार्गदर्शन में आयोजित हो रही है।

बैठकों में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। इसी बैठक में अध्यक्ष ऋषि पटेल एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा पंचायत कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया।

## सिंगोला एवं मनेरी में पंचायत कांग्रेस कमेटी गठित..

संगठन सृजन अभियान के तहत लगातार बैठको का दौर प्रारंभ है जिनमें पदाधिकारियों की कांग्रेस संगठन की रीति नीतियों के विषय में कार्यकर्ताओ को अवगत कराया जा रहा है साथ ही सभी पंचायत स्तरीय कांग्रेस कमेटी का गठन भी किया जा रहा है। जिसमें तहत 19 अप्रैल को मनेरी में बैठक आयोजित कर पंचायत कांग्रेस कमेटी मनेरी एवं कनेरी का गठन किया गया। बैठक में अध्यक्ष ऋषि पटेल दशरिया, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र खोंगल, लिखेन्द्र उपराडे आईटीसेल जिला उपाध्यक्ष, मण्डलम अध्यक्ष जितेन्द्र गिरी गुड्डा महाराज, पिताराम आसटकर की उपस्थिती बैठक संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष राकेश गिरी, राहुल मस्करे युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनेरी, चोलेश्वर नवगड़े उपाध्यक्ष, बालकृष्ण सहारे उपाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी नियुक्त किये गये। इसी कड़ी 20 अप्रैल को ग्राम पंचायत सिंगोला में पंचायत कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया जिसमें प्रमुख रूप ऋषि पटेल, जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महासचिव विद्यावती ठकरेला, मण्डलम अध्यक्ष अरशद खान, राजू मेंढे, लिखेन्द्र उपराड़े, अजीत नागपुरे, योगदास नागपुरे, खेमराज ठकरेला की उपस्थिती में संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक आहुत की गई। यहां सर्वसम्मति से अध्ययक्ष धनराज लिल्हारे, उपाध्यक्ष लिरेश बिसेन, घनश्याम कोहरे को नियुक्त किया गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला के अध्यक्ष ऋषि पटेल के द्वारा सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों से कहा कि अभियान का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना, नए कार्यकर्ताओं को जोडऩा तथा पुराने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करना है।

कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। साथ ही बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। इस दौरान नए सदस्यों को संगठन से जोडऩे के लिए विशेष सदस्यता अभियान भी चलाने कहा गया। आपने कहा कि संगठन की मजबूती ही किसी भी दल की सफलता का आधार होती है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर संगठन को मजबूत बनाएं। अभियान के अंतर्गत विभिन्न गांवों एवं वार्डों में भी जनसंपर्क किया जा रहा है, जिससे आम जनता को संगठन की विचारधारा से अवगत कराया जा सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# नहीं थम रहा दुर्घटनाओं का ग्राफ, दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत, तीन घायल..







जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्र में लगातार दुर्घटनाओं को दौर देखने में आ रहा है। विगत एक पखवाड़े की बात कि जाये तो प्रत्येक दिन कोई ना कोई छोटी या बडी सडक़ दुर्घटनाऐं सामने आई है।***

कुछ सडक़ हादसे तो इतने भीषण थे कि इनमे जनहानि तक देखने को मिली है। इन सडक़ हादसो के पीछे या तो नशे की हालत में वाहनो को चलाना या नाबालिक बालक बालिकाओं के द्वारा बेधडक़ वाहनो को सडक़ो पर दौडऩा जिसके चलते अनेको दुर्घटनाऐं घटित होती है।

ऐसा ही एक और सडक़ दुर्घटना 21 अप्रैल को लांजी भिलाई मार्ग पर ग्राम भुरसाडोंगरी एवं कालीमाटी के मध्य घटित हुई है जहां दो मोटर सायकल आपस में टकराई गई। घटना में तीन लोग घायल बताये जा रहे है जिनमे एक मासूम बालिका भी शामिल है। बताया जा रहा है 21 अप्रैल को शाम करीब 4 बजे के लगभग सुशील पिता पन्नालाल उइके उम्र 21 वर्ष निवासी बाघाटोला अपनी मोटर सायकल से बाघाटोला से लांजी की ओर आ रहा था, दुसरी ओर से राजेश पिता मुलचंद सोनवाने उम्र 35 वर्ष निवासी भुरसाडोंगरी अपनी पत्नि एवं दो मासूम बच्चो के साथ लांजी से भुरसाडोंगरी अपने अपनी मोटर सायकल में जा रहा था जैसे ही दोनो ही मोटर सायकल ग्राम भुरसाडोंगरी एवं कालीमाटी के मध्य पंहुची दोनो में जबरदस्त भिडंत हो गई, दोनो ही मोटर सायकल में सवार लोग मोटर सायकल सहित जमीन पर गिर गये।

घटना स्थल पर मौजूद स्थानीय लोगो के द्वारा डायल 112 को सूचित कर बुलाया गया, जहां डायल 112 में पदस्थ पुलिस कर्मी घटना स्थल पर पंहुचे एवं सभी घायलों को लेकर सिविल अस्पताल लांजी लाया जाकर भर्ती कराया गया। घायलों में सुशील पिता पन्नालाल उइके निवासी बाघाटोला, राजेश पिता मूलचंद सोनवाने निवासी भुरसाडोंगरी, संगीता पति राजेश सोनवाने, तथा दो मासूम बालिकाऐं वैशाली एवं दीक्षिका को चोटे आई है जिनका उपचार डाक्टर्स एवं स्टाफके द्वारा किया गया। घटना के संबंध में तहरीर बहेला पुलिस को दी गई।

# कराटे कोच तोषराम कनोजे बने मध्यप्रदेश के मुख्य प्रशिक्षक..







जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्र के रहने वाले तोषराम कनोजे, जो वर्तमान में खेल एवं युवा कल्याण विभाग रीवा में जिला***

खेल प्रशिक्षक (कराटे कोच) के पद पर कार्यरत हैं ने एक बार फिर अपनी मेहनत और प्रतिभा से जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस बार उन्हें सीकोकाई कप नेशनल कराटे चैंपियनशिप के दौरान एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। दिल्ली में 17 से 19 अप्रैल 2026 तक आयोजित इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष भरत शर्मा द्वारा तोषराम कनोजे को वर्ष 2026 के लिए मध्यप्रदेश का मुख्य प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। यह मान्यता उन्हें बालाघाट, रीवा तथा पूरे मध्यप्रदेश में कराटे खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने और खिलाड़ियों की ब्लैक बेल्ट सेकंड डिग्री तक की बेल्ट परीक्षा संचालित करने के लिए दी गई है। तोषराम कनोजे पिछले कई वर्षों से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी बेहतरीन कोचिंग और खिलाड़ियों के प्रदर्शन के जरिए मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाते रहे हैं। उनकी इस नई जिम्मेदारी से प्रदेश के कराटे खिलाड़ियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। कराटे प्रेमी और खेल जगत में इस उपलब्धि को लेकर हर्ष का माहौल है। यह मान्यता न केवल तोषराम कनोजे के व्यक्तिगत संघर्ष और समर्पण का प्रमाण है, बल्कि मध्यप्रदेश में कराटे खेल को नई दिशा और ऊंचाई देने का माध्यम भी साबित होगी।

## खनिज संपदा वाले जिले में रेत का अभाव..

# निर्माण कार्यों की रुकी गति, ठेकेदार, मिस्त्रियों का रोजगार ठप्प



जगप्रेरणा लांजी।

***मध्यप्रदेश सहित संपूर्ण बालाघाट जिला खनिज संपदा से परिपूर्ण है। खनिज किसी भी राज्य के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिये प्रकृति की अद्वितीय अक्षय निधी है। प्रदेश के समुचित एवं निरंतर***

विकास को सुनिश्चित करने हेतु खनिज संसाधन के दोहन हेतु खनिज नीति बनाई गई है। पिछले कुछ समय से निर्माण चक्र को गति प्रदान करने में सहायक खनिज रेत की अनुपलब्धता शासन द्वारा बनाई गई खनिज नीति पर ही प्रश्र चिन्ह लगाती है। विगत एक माह से रेत घाटों से रेत नही मिलने के कारण शासकीय एवं निजी निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे है। जहां लांजी विकासखण्ड के अन्तर्गत लगभग 1200 प्रधानमंत्री आवास के मकान अपूर्ण है वहीं अटल सुशासन एवं सामुदायिक भवन जैसे बड़े निर्माण कार्य बंद पडें है। बतादे कि वित्तीय वर्ष का प्रथम पखवाड़ा जहां विकास कार्यो को गति मिलती है वहीं मजदूर बजट के लक्ष्य को साधने में सहायक होता है।

खनिजों के परिवहन के लिये राज्य में चरण बद्ध नीति में ई परमिट पद्धति के माध्यम से विकास की लय को बरकरार रखा जा सकता है। रेत की कमी को लेकर तहसील स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से चर्चा की गई तो उन्होने बताया कि यह राज्य शासन का मामला है और जिला कलेक्टर ही तय करेंगे। जनपद सभापति दिनेश लाड़े ने कहा कि यदि समय पर रेत खनिज की उपलब्धता नही होती तो निश्चित रूप से इन विकास कार्यो के पहिये थम जायेंगे या थम चुके है। अतः मेरा जिला प्रशासन से निवेदन है कि पंचायत स्तर पर रेत की उपलब्धता कराई जाये ताकि क्षेत्र में निरंतर विकास के कार्यो को गति मिल सके।







**लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..**

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433

जग प्रेरणा

# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## महिला आरक्षण बिल : किसे होगा नफा.. किसे नुकसान

लोकसभा में महिला आरक्षण बिल दो दिनों की बहस के बाद लोकसभा में 131 वां संशोधन विधेयक खारिज हो गया। केंद्र ने संसद का विशेष सत्र बुलाया था जो 16 अप्रैल को शुरू हुआ और 18 अप्रैल तक चला। 12 साल के शासन में मोदी सरकार को संसद में पहला बड़ा झटका लगा। महिला आरक्षण बिल खारिज हो जाने के बाद राजनीति भी तेज हो गई है। बीजेपी इस बिल के पास ना हो पाने का ठीकरा विपक्ष पर फोड़ रही है तो विपक्ष ने इसे राजनीतिक एजेंडा करार दिया है। तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी ने सदन में तीनों विधेयकों का विरोध करते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री को जब लगता है कि वो चुनाव हार जाएंगे तो वो नियम ही बदल देते हैं, ये विधेयक सिर्फराजनीतिक मकसद से लाए जा रहे हैं। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि ये समझने की जरूरत है कि महिला आरक्षण विधेयक साल 2023 में ही पारित हो चुका है। सदन में परिसीमन के जरिए दक्षिण भारतीय राज्यों का हक मारने की साजिश की हार हुई है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि हम महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ने से कभी सहमत नहीं हो सकते। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, जयराम रमेश, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ ही एमके स्टालिन ने भी इसे साजिश करार दिया था। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा था कि महिलाओं को आरक्षण देना समय की मांग है और जो इसका विरोध करेगा वह लंबे समय तक इसकी कीमत चुकाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के नाम संदेश भी दिया। इस पूरे घटनाक्रम से एक बात तो साफ हो गई कि महिला बिल को बीजेपी काफी सोच समझकर सदन में लाई थी।

मोदी सरकार ने लोकसभा में तीन विधेयक पेश किए थे। पहला, संविधान (131 वां संशोधन) विधेयक 2026, दूसरा, परिसीमन विधेयक 2026 और तीसरा विधेयक केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक 2026। संविधान (131 वां संशोधन) विधेयक, 2026 का उद्देश्य नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 जिसे महिला आरक्षण अधिनियम के नाम से भी जाना जाता है, उसमें संशोधन करना था। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद ने सितंबर 2023 में लगभग सर्वसम्मति से पारित किया था। इसमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान था। यह विधेयक लोकसभा में आगे नहीं बढ़ पाया। सदन के नियमों के अनुसार, संविधान संशोधन विधेयक उपस्थित सदस्यों के दो तिहाई बहुमत से ही पारित हो सकता था। पक्ष में 298 सांसदों के वोट पड़े जबकि 230 सांसदों ने विरोध में वोट डाला। इसके बावजूद विधेयक को जरूरी दो तिहाई बहुमत नहीं मिल पाया। लोकसभा में 537 सांसद हैं और विधेयक को पास कराने का जादुई आंकड़ा 360 वोट था। सत्तारूढ़ एनडीए में 240 भाजपा सांसदों सहित 293 सदस्य हैं, जिसमें पर 67 सीटों की कमी रह गई।

भाजपा ने महिला बिल पास ना होने को लेकर अभी से सियासी माहौल बनाना शुरू कर दिया है। तो दूसरी तरफ कांग्रेस भी हमलावर है। तर्क दिया जा रहा है कि किसी राजनीतिक पार्टी की पहली महिला अध्यक्ष कांग्रेस से थी एनी बेसेंट, देश की पहली महिला प्रधानमंत्री कांग्रेस से थीं श्रीमती इंदिरा गांधी, पहली महिला मुख्यमंत्री कांग्रेस से थीं सुचेता कृपलानी, देश की पहली महिला राष्ट्रपति कांग्रेसनीत शासनकाल में थीं श्रीमती प्रतिभा पाटिल, पहली महिला न्यायाधीश भी कांग्रेस के शासन में थीं फातेमा बीबी। कांग्रेस का सवाल है कि बीजेपी चुनाव में महिलाओं को अधिक टिकट क्यूं नहीं देती, मंत्री मंडल में अधिक महिलाओं को क्यूं शामिल नहीं किया जाता, सरकारी नौकरियों में महिलाओं का आरक्षण कोटा क्यूं नहीं बढ़ाया जाता। राहुल गांधी भी कह चुके हैं कि महिला आरक्षण बिल तो 2023 में पारित हो चुका है, जो बिल लाया गया वो एससी-एसटी और ओबीसी के खिलाफहै।

बहरहाल मोदी सरकार के एक दशक से ज्यादा के कार्यकाल में एक भी बिल नहीं गिरा। जितने भी बिल पेश किए गए, सभी संसद में पास हुए लेकिन पहली बार इतना अहम बिल लोकसभा में गिर गया। मालूम हो कि पिछले 24 साल के दौरान कोई भी सरकारी बिल नहीं गिरा था। साल 2002 में पोटा बिल गिरा था। उसके 24 साल बाद कोई बड़ा बिल सदन में गिरा है। 12 साल में मोदी सरकार का पहला बड़ा बिल गिरा है। ऐसा तो हो नहीं सकता, बीजेपी के थिंक टेंक को इसका अंदाजा नहीं था, या वो इस बात से अनभिज्ञ थे कि उनके पास विधेयक पास कराने लायक बहुमत नहीं है। तो क्या भाजपा ये बिल यूपी और बंगाल चुनाव के नजरिए से लाई थी। इसके अलावा अगले लोकसभा चुनाव में महिला मतदाताओं को विपक्ष से दूर कर अपने पक्ष में लुभाने के लिए बीजेपी ने ये पासा फेंका था। वैसे भी, महिला मतदाताओं का साथ बीजेपी को मिलता रहा है। बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना, महाराष्ट्र मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहीण योजना, मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना आदि की जादू चुनाव में दिख ही चुका है। ये तो तय है कि महिला आरक्षण बिल पास ना होने को भाजपा सियासी हथियार बनाएगी। हालांकि, पश्चिम बंगाल के चुनावी नतीजों से तय हो जाएगा कि ये मुद्दा किसे नफा और किसे नुकसान पहुंचाता है। साथ ही अगले साल यूपी और फिर अन्य राज्यों के विधानसभा और 2029 में लोकसभा चुनाव तक ये मुद्दा बना रहता है या भी नहीं।

लेखक



**मुस्ताअली बोहरा**
**अधिवक्ता एवं लेखक, भोपाल**

## क्रोध..

कल कर हादसा
फिर राख मे बाद शाह।
कोई नहीं जानता,
अगले पल की कहानी।
सब विधि के विधान हाथ,
जीवन, मरण, यश,
अपयश, लाभ और हानि।
जीवन की सहज,
सरल, सुगम दौड़ में
एक क्लेश वाला
अवरोध, 'घसिल शुष्य'
एक पल मे गायब सब
पुण्य 'अन्त पश्चाताप',
चाहे मैं हूँ, तुम हो,
या फिर हो आप।

लेखिका



**अनिता पवार**

## विनाश कर के आता विकास है..

विनाश कर के आता विकास है,
जो करता वो हो जाता खास है।
सादा जीवन उच्च विचार न रहा,
रंगीन जीवन का हुआ दास है।

मुख सुंदर और चरित्र दाग़दार है,
बस दौलत की यहाँ तो झंकार है।
सब अपनें और अपने हुए हैं ग़ैर,
नहीं किसी का कोई यहाँ यार है।

सम्बन्ध सारे हमनें जला दिए,
स्वार्थ में ग़ैरों को अपना लिए।
अपनी ख्वाहिशें पूरी करने को,
सच्चाई को सबने किनारे किए।

**अनिल कसेर 'उजाला'**

## चलिये..

वक्त के सांचे में स्वयं को ढालते चलिये।
कौन खोटा- खरा,सिक्के उछालते चलिये।
कदम कदम पर ठोकरें हैं इस जमाने में -
गिरने से पहले खुद को संभालते चलिये।
तुमसे बढ़कर दुनिया में नहीं और कोई
पाल कर मन में न ऐसे मुगालते चलिये।
छल,कपट,झूठ,अफ़वाहों का हवा मे असर-
ऐसी हवाओं की हवा निकालते चलिये।
पानी है गर तुम्हें मंजिल तो पीछे मुड़ना नहीं
आती- जाती हुईं बाधाएं टालते चलिये।
ओढ़कर खाल इन्सानियत की आएंगे
उनके ईमान को शशि खंगालते चलिये।।

**शशि तिवारी**

## ब्रज..

प्रदक्षिणा ब्रज भूमि की, है चौरासी कोश।
करते जो श्रद्धावनत, कट जाते अघ-दोष।।

ब्रज मंडल में हैं बसे, राधा संग घनश्याम।
कोशों दूरी नाप कर, करते हैं आराम।।

भजन कीर्तन मगन रहो, लेत रहो हरि नाम।
दर्शन दीनानाथ के, पावन तीरथ धाम।।

पर्व मनानें भक्त जन, जाते हैं ब्रज धाम।
रटते मिल कर नंद सब, राधे राधे नाम।।

ब्रज गलियाँ पावन परम, लख कर होते धन्य।
गलियों की रज चूम कर, पाते भक्ति अनन्य।।

**रामानन्द पाठक नन्द**

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 103



**ck;s ls nk;s&** 1) हरियाणा के एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री 7) मिट्टी का वह पात्र जिसमें पौधें लगाये जाते है 9) सड़क पर तमाशा देखनेवाले 13) रहस्य, सत्ता 15) प्रत्येक, शिवजी 16) फीका, रसहीन, सूखा 17) प्राचीन कालीन हिन्दू धर्म में वर्णित आश्रमों की संख्या 19) शव को जलाने की क्रिया 20) भीड़, जमघट 21) जलानेवाला 22) आवश्यकता 24) एक पेय प्रकार 25) पानी का बूंद बूंद गिरना 27) जर्मनी का निवासी (अपभ्रंश रुप) 28) कुछ साल पूर्व गाड़ियों में लगाया जानेवाला एक किस्म का रबरी हॉर्न 29) उलटी 30) सप्ताह का एक वार 32) एक देश जिसकी मुद्रा रियाल है 34) मारे हुए 37) आकाश 39) पैर के नीचे का भाग 40) पिता के पिता 42) सपाट, एक समान सतह के 44) फिल्म जगत के एक दिवंगत प्रसिद्ध पार्श्वगायक, अभिनेता 48) पात्र, योग्य 50) फायदेमन्द 53) परत 55) तुणीर 56) शहद, मीठा 57) मुसलमानों का एक प्रसिद्ध तीर्थस्थल 58) राजस्थान का एक प्रसिद्ध मरुस्थल 60) रेखा 62) नमक 65) चतुराई, युक्ति, बुद्धिमानी 67) लाभ पहुंचानेवाला, स्वास्थ्यकर 69) दंगा, उपद्रव 71) आराम, आनन्द, चैन 73) गायब, लापता 74) बारीक, दुबला 75) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक 78) हस्तक्षेप 80) महाभारत में गांधारी के भाई 83) बजाने की क्रिया 84) एक द्विदल अनाज 85) राज्य, हुकूमत, बादशाहत (उर्दू) 86) शरीर, गुप्तांग 88) जानवरों को घांस, चारा खिलाना 90) हस्त, हाथ 91) सहित 92) अतुलनीय शौर्य के लिए भारत सरकारद्वारा प्रदत्त सर्वोच्च वीरता पुरस्कार 95) मेघ 97) बड़ा शहर 99) पुरुष 100) मातम, दुःख, विलाप 101) वह कल्पित पत्थर या मणि जिसके स्पर्श से लोहा सोना बन जाता है 102) स्तब्ध, बिना शब्द का 103) पौरुष, वीरता, पराक्रम 105) मृग 107) प्रकाश, ज्ञान की उन्नति 108) भारत का एक राज्य 109) वायु, समीर 111) पिता 112) स्पष्ट या कड़ी बात कहना इस अर्थवाला एक मुहावरा 113) बरसात 114) मसहरी

**Åij ls uhps&** 1) अधिकार पद 2) घाव पर लगाया जानेवाला औषधी युक्त लेप 3) सबसे छोटी उंगली, ऐसी लड़की जो एक ही आंख से देख सकती है 4) आश्विन मास की पूर्णिमा 5) चौपड़ 6) मजबूर 8) मध्य प्रदेश का वह अंचल जिसमें जबलपुर, सागर आदि जिले आते है 10) नशीला 11) एक मंगल वाद्य 12) एक वाद्य 13) राजा का निवासस्थान 14) प्रतिभूति, अदालत के विश्वास के लिए एतदर्थ जमा की गई रकम 18) मध्य प्रदेश के एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री का कुल नाम 20) मृत्यू 23) विधि, सरकारी नियम 26) पिता के पिता के पिता 27) जनता के विचार 31) कौर, ग्रास 33) कृष्णद्वारा गोपियों के साथ किया गया नृत्य या लीला 35) विस्मित, आश्चर्यान्वित 36) जहन्नुम 38) नेक, सज्जन 39) भाग्य 41) वारिसों में बांटा जानेवाला धन 43) खलबली 45) हल्ला, कोलाहल 46) प्रवीण 47) रमनेवाला, पति 49) मृत्यूदेवता 51) डरावना, भयानक 52) कहानी 54) थोड़ासा बाजू में हटना, खिसकना 59) बगैर, वर्जित, बिना 61) तोता 63) भारी,, वजनी 64) जीवन यापन का ढंग 65) निर्देश, सूचना 66) मदद करनेवाला 68) खोज 69) ताकतवर 70) श्रीविष्णुका एक अवतार 71) मार्ग, पथ 72) मसाले में प्रयुक्त एक पान 73) नया 74) समय का एक सूक्ष्म भाग 76) दाम, मूल्य 77) वह जो सर्वदा लात खाता हो 79) समाप्त, अंत 81) षड्यंत्र, कुमन्त्रणा 82) एकदम, बिलकुल 87) सिंह 89) चुनाव के समय उम्मीदवार द्वारा दिया जानेवाला आवेदन पत्र 90) लेखनी 91) विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल 92) लालन पालन 93) शौर्य, पराक्रम 94) ऐनक 95) दफा 96) सौ हजार 98) बातचीत, इधर उधर की बातें 99) नरसिंह 100) तरकारी का रसा या सुरुवा, ज्यूस 101) आशा ......, फिल्म जगत की एक पुरानी अभिनेत्री का कुल नाम 103) वंदन, नमस्कार 104) प्रहर, तीन घंटे का समय 106) निंद लेना, शयन करना 110) दिया हुआ वचन

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeva-08446302691

## माथापच्ची..!

नीचे बायी ओर कुछ और मात्राएं दी गई हैं। उनसे आपको शब्द बनाने है और दायीं ओर के चौकोन खानों व वृत्ताकार आकृति में लिखना है। गोलाकृति के अक्षरों से जो शब्द बनता है उसे नीचे दिये गये वाक्य के खाली डिब्बों में लिखने से अर्थपूर्ण वाक्य पूरा हो जायेगा।

r k o j f l
R f v ; h /k o
v > u k e
j o f y n

vif{kr vFkZ.kokD; ijk dhft;s

○○○○------- t;r

पिछले शब्दचक्र का जवाब:– 1. चौहत्तर 2. चौतरफा 3. चौधराई 4. चौकीदार 5. चौपहिया 6. चौमंजिला 7. चौरानबे 8. चौलकर्म 9. चौरसाई 10. चौरंगिया 11. चौबाइन 12.चौमसिया

## सू-डोकू- 103

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | | 8 | | 2 | 7 |
| 6 | | | | 5 | | 9 | | |
| | | 8 | 6 | 2 | | | 3 | |
| | 1 | | 5 | | 2 | | | 6 |
| 2 | | | | | 7 | 5 | | |
| | 8 | 5 | | | | | 7 | 3 |
| 1 | | | 2 | | 5 | 8 | | |
| | 5 | | | | | | | 9 |
| 8 | | 4 | 9 | | 1 | | | 2 |

● आपको हर आड़ी और खड़ी पंक्ति में 1 से 9 यह अंक इस तरह लिखना है की, एक पंक्तिमें एक अंक एकही बार आना चाहिये. ● हर आड़ी और खड़ी पंक्ति और हर 3 X 3 के वर्ग में 1 से 9 यह अंक आनाही चाहिये. ● पहले से छपे अंको को हिलाना नहीं..

**l Mkd 102dk tokc**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 2 | 6 | 8 | 3 | 4 | 9 | 6 |
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 1 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 4 | 6 | 9 | 2 | 5 | 3 | 1 | 7 |
| 4 | 8 | 3 | 2 | 1 | 9 | 5 | 7 | 6 |
| 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 | 3 |
| 6 | 7 | 5 | 4 | 3 | 8 | 1 | 2 | 9 |
| 3 | 6 | 7 | 8 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 5 | 2 | 7 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 |



जग प्रेरणा

# खेल / मनोरंजन

● क्रिकेट ● हॉकी ● बैडमिंटन ● टेबल टेनिस ● फुटबॉल ● वॉलीवाल ● शतरंज ● कराटे ● एथलेटिक्स



## दिल्ली उच्च न्यायालय ने हॉकी इंडिया के महासचिव को अवमानना का दोषी ठहराया..

**जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)**

***दिल्ली उच्च न्यायालय ने हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह को जानबूझकर उसके आदेश की अवहेलना करने के लिए अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया है। न्यायमूर्ति पुरुषेन्द्र कुमार कौरव ने कहा कि वह चार मई को सजा के मुद्दे पर सुनवाई करेंगे,***

लेकिन इसके साथ ही उन्होंने भोलानाथ सिंह को 'उचित समझे जाने वाले उपाय' करके अवमानना को 'सुधारने' की स्वतंत्रता दी। अदालत ने हॉकी इंडिया की निर्वाचित उपाध्यक्ष सईद असीमा अली द्वारा दायर अवमानना से संबंधित याचिका पर 20 अप्रैल को फैसला सुनाया। उन्होंने अपनी इस याचिका पर हॉकी इंडिया के अधिकारियों द्वारा 17 जनवरी, 2025 को पारित आदेश का पालन नहीं करने का आरोप लगाया था। अदालत ने कहा कि उसके निर्देशों के अनुसार हॉकी इंडिया के अधिकारियों को याचिकाकर्ता को वे जरूरी लिंक उपलब्ध कराने थे जिससे कि वह कार्यकारी बोर्ड की सभी बैठकों में भाग ले सकें, लेकिन चार जुलाई, 2025 और 27 जुलाई, 2025 को आयोजित बैठकों के लिए ऐसा नहीं किया गया।




इसमें पाया गया कि कथित तौर पर बाद की किसी भी घटना से अधिकारियों को याचिकाकर्ता को लिंक प्रदान करने के अपने दायित्व से छूट नहीं मिलती, जबकि उन्होंने निर्देश में संशोधन की मांग भी नहीं की थी। अदालत ने अपने फैसले में कहा, 'अवमानना को दूर करने का कोई प्रयास नहीं किया गया।' इसमें कहा गया है, 'बिना शर्त माफी तो दूर की बात है, माफी का एक शब्द भी नहीं बोला गया। वैसे भी बिना शर्त माफी भी प्रतिवादियों, विशेष रूप से भोलानाथ सिंह को, अदालत के निर्देशों की जानबूझकर, सुनियोजित और स्वेच्छा से की गई अवहेलना से गंगा के पवित्र जल की तरह शुद्ध नहीं कर सकती।'

अदालत ने माना कि हॉकी इंडिया और सिंह ने वर्तमान कार्यवाही के दौरान जिस तरह से व्यवहार किया, वह अदालत की अवमानना का स्पष्ट मामला है। अदालत ने कहा कि सरकार के अधीन काम करने वाले और सरकार से धनराशि प्राप्त करने वाले राष्ट्रीय खेल महासंघ का अदालत के आदेशों का पालन न करना 'प्रशासनिक पाप' से कम नहीं है। फैसले में कहा गया है, 'यह अदालत प्रतिवादियों, विशेष रूप से हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह को 17 जनवरी 2025 के आदेश का जानबूझकर उल्लंघन करने/पालन न करने के लिए अदालत की अवमानना का दोषी पाती है।' अली ने भोलानाथ सिंह को हॉकी इंडिया के महासचिव पद से हटाने के लिए याचिका दायर की थी जिस पर 17 जनवरी 2025 को आदेश पारित किया गया था।

## दूसरी प्रेग्नेंसी के बीच काम में जुटीं दीपिका पादुकोण, पुनीत मल्होत्रा ने दिखाई झलक, फैन बोले- 'मिसेज धुरंधर ग्लो कर रही हैं'...

**डेस्क जगप्रेरणा।**

***दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दोबारा माता-पिता बनने वाले हैं। कपल ने हाल ही में दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया, जिसे देखने के बाद रणवीर-दीपिका के फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। अपनी बेटी दुआ के जन्म के डेढ़ साल बाद ही दीपिका और रणवीर ने ऐलान किया कि वह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं, इसके बाद से ही कपल पर बधाईयों की बारिश हो रही है।***

दूसरी प्रेग्नेंसी को लेकर ये स्टार कपल खूब सुर्खियां बटोर रहा है। दूसरी तरफ रणवीर जहां 'धुरंधरः द रिवेंज' की सफलता का जश्न मना रहे हैं तो वहीं मॉम टू बी दीपिका पादुकोण भी अपने काम में व्यस्त हैं। सेकेंड प्रेग्नेंसी के बीच दीपिका शूटिंग भी कर रही हैं, जिसकी झलक निर्देशक पुनीत मल्होत्रा ने शेयर की है।

### पुनीत मल्होत्रा ने दीपिका के साथ शेयर की फोटो..

निर्देशक पुनीत मल्होत्रा ने दीपिका पादुकोण के साथ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। एक्ट्रेस ने सफेद रंग की ड्रेस पहनी है, जबकि पुनीत ने कैजुअल लुक में दिखाई दे रहे हैं। फोटो में दीपिका का बेबी बंप तो दिखाई नहीं दे रहा, लेकिन चेहरे पर ग्लो साफ नजर आ रहा है। पुनीत मल्होत्रा ने फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि ये किसी फिल्म की शूटिंग है या विज्ञापन की, लेकिन ये फोटो पोस्ट करके दीपिका के फैंस की उम्मीदें जरूर बढ़ा दी हैं। ये दूसरी प्रेग्नेंसी के ऐलान के बाद दीपिका की पहली तस्वीर है। पुनीत ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'यह शूट? 10/10। कोई कमी नहीं! दीपिका पादुकोण आपका बहुत-बहुत धन्यवाद, आप इतनी मिलनसार, दयालु और अद्भुत हैं... मैं आपका आभारी हूं! मैं आपका एहसानमंद हूं।'



### फोटोज पर यूजर्स के रिएक्शन..

जैसे ही पुनीत मल्होत्रा ने ये तस्वीरें साझा कीं, फैंस भी खुद को इन पर रिएक्शन देने से रोक नहीं पा रहे हैं। कई यूजर्स ने कमेंट करते हुए प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट के बाद मिली दीपिका की पहली झलक पर खुशी जाहिर की। एक ने कमेंट करते हुए लिखा- 'मिसेज धुरंधर तो ग्लो कर रही हैं। बहुत ही खूबसूरत।' एक अन्य ने लिखा- 'दीपिका सच में बहुत खूबसूरत हैं।' एक और यूजर लिखता है- 'यकीन नहीं हो रहा, इतनी जल्दी दूसरी गुड न्यूज। रणवीर-दीपिका के लिए बेहद खुश हूं।' ऐसे ही कमेंट करते हुए यूजर दीपिका की दूसरी प्रेग्नेंसी और प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट के बाद मिली उनकी झलक को लेकर खुशी जाहिर कर रहे हैं।

### दीपिका पादुकोण की दूसरी प्रेग्नेंसी..

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने अक्षय तृतीया के मौके पर अपनी बेटी दुआ की एक तस्वीर शेयर की, जिनका चेहरा तो फोटो में नजर नहीं आया, लेकिन उनके हाथ में प्रेग्नेंसी टेस्ट किट दिखाई, जिसमें रिजल्ट पॉजिटिव दिखाई दे रहा है। इसके साथ कपल ने कैप्शन में तो कुछ नहीं लिखा, मगर नजर वाला इमोजी जरूर बनाया था। जैसे ही कपल ने प्रेग्नेंसी अनाउंस की, इनके फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। रणवीर-दीपिका के फैंस से लेकर सेलिब्रिटीज ने भी कमेंट के जरिए बधाई दी। कियारा आडवाणी, अनन्या पांडे, कैटरीना कैफ प्रियंका चोपड़ा, अर्जुन कपूर और अन्य कई हस्तियों ने कमेंट सेक्शन में इस जोड़े को बधाई दी।

## 31 साल पुराना पहला अंग्रेजी सीरियल

## 5 नेशनल अवॉर्ड वाले फिल्ममेकर ने रखी नींव, अर्जुन रामपाल से लेकर आर माधवन तक की चमकी किस्मत..

**डेस्क जगप्रेरणा।**

***भारतीय टेलीविजन के इतिहास में दूरदर्शन का योगदान अतुलनीय रहा है। 'महाभारत', 'रामायण' और 'बुनियाद' जैसे कालजयी धारावाहिकों ने जहां भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों को घर-घर पहुंचाया, वहीं इसी मंच ने कई ऐसे प्रयोग भी किए जिन्होंने भविष्य के सुपरस्टार्स की नींव रखी।***

31 साल पहले दूरदर्शन ने एक ऐसा साहसी कदम उठाया था, जिसने न केवल भाषा की सीमाओं को तोड़ा, बल्कि भारतीय टीवी जगत को उसका पहला अंग्रेजी डेली सोप दिया। इस शो ने मनोरंजन उद्योग को ऐसे कलाकार दिए जो आज बॉलीवुड से लेकर ओटीटी तक राज कर रहे हैं।

### एक ऐतिहासिक शुरुआत..

अगस्त 1995 में जब दूरदर्शन के 'डीडी 3' चैनल पर 'ए माउथफुल ऑफ स्काई' का प्रसारण शुरू हुआ तो यह भारतीय टेलीविजन के लिए एक नया अनुभव था। प्लस चैनल के मैनेजिंग डायरेक्टर अमित खन्ना ने उस दौर में अंग्रेजी सीरियल बनाने का जोखिम उठाया, जिसकी सफलता को लेकर शुरुआत में संशय था। हालांकि दर्शकों के प्यार ने इसे 252 एपिसोड तक पहुंचाया।

इस शो का निर्देशन महेश भट्ट, अनंत बलानी और अजय गोयल जैसे दिग्गज फिल्मकारों ने किया था, जबकि इसकी पटकथा प्रसिद्ध उपन्यासकार अशोक बैंकर ने तैयार की थी।



### सितारों की खोज और यादगार कास्ट..

यह धारावाहिक आज के दौर के कई बड़े सितारों के लिए लॉन्चपैड साबित हुआ। शो में मिलिंद सोमन ने 'आकाश भंडारकर', राहुल बोस ने 'पवन' और रंजीव मूलचंदानी ने 'पृथ्वी रहेजा' की भूमिका निभाई थी। दिलचस्प बात यह है कि इस शो के जरिए आर माधवन, सिमोन सिंह, समीर सोनी, आयशा धारकर, अर्जुन रामपाल, अभिमन्यू सिंह, प्रवीण दबास और कुशल पंजाबी जैसे कलाकारों को अपनी पहचान बनाने का मौका मिला। आज ये सभी नाम फिल्म जगत के दिग्गज माने जाते हैं, लेकिन उनके अभिनय सफर की शुरुआत इसी अंग्रेजी शो से हुई थी।

### दोस्ती और बदलती संस्कृति की कहानी..

'ए माउथफुल ऑफ स्काई' की कहानी पांच दोस्तों के इर्द-गिर्द बुनी गई थी, जो अपनी पढ़ाई पूरी करने के 13 साल बाद एक गेट-टुगेदर में मिलते हैं। कहानी का मुख्य केंद्र आजादी के बाद की भारतीय युवा पीढ़ी का संघर्ष, उनके आदर्श, प्रेम और आकांक्षाएं थीं। यह शो उस दौर के भारतीय समाज में बढ़ते पाश्चात्यकरण और पारंपरिक मूल्यों के बीच होने वाले टकराव को बहुत खूबसूरती से दर्शाता था। जैसे-जैसे एपिसोड आगे बढ़ते थे, इन दोस्तों के जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव और उनकी दोस्ती को तोड़ने की कोशिश करने वाली बाहरी ताकतों का मुकाबला दिखाया गया था।

### आधुनिक दौर में प्रासंगिकता..

इस धारावाहिक की सबसे बड़ी खूबी इसका परिपक्व लेखन था। शो के प्लॉट में आने वाले तमाम ट्विस्ट एंड टर्न्स के बावजूद, पाँचों दोस्तों के बीच की समझदारी और मैच्योरिटी उन्हें हर नकारात्मक स्थिति से बाहर निकालती थी। शहरी जीवन और भारतीय संस्कृति के सूक्ष्म अंतरों को जिस तरह से इस शो में पेश किया गया, वह इसे आज की पीढ़ी के लिए भी प्रासंगिक बनाता है। 'ए माउथफुल ऑफ स्काई' केवल एक सीरियल नहीं था, बल्कि भारतीय युवाओं की बदलती सोच का एक आईना था, जिसने आने वाले समय के लिए रियलिस्टिक ड्रामा की राह आसान की। आज तीन दशक बाद भी, इस शो को उसकी आधुनिक सोच और शानदार कास्टिंग के लिए याद किया जाता है। **IMDb** पर इस शो को 6.6 की रेटिंग मिली है।

## 'अब तुम मुस्लिम नहीं हो', 'रामायण' एक्टर की बहू को मिला ताना तो किया पलटवार, गुस्से में बोलीं 'बिदाई' एक्ट्रेस- तो मर जाओ..

**डेस्क जगप्रेरणा।**

***टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री और 'बिदाई' फेम सारा खान इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि यह चर्चा उनकी खुशी से ज्यादा सोशल मीडिया पर मिल रही नफरत और ट्रोलिंग के कारण हो रही है।***

पिछले साल दिसंबर में कृष पाठक के साथ शादी के बंधन में बंधी सारा को लगातार धर्म और निजी पसंद के आधार पर निशाना बनाया जा रहा है। कृष पाठक 'रामायण' के लक्ष्मण यानी सुनील लहरी के बेटे हैं। इसी लिहाज से सारा उनकी बहू बन गई हैं। हाल ही में उन्होंने एक यूजर द्वारा भेजे गए बेहद आपत्तिजनक और परेशान करने वाले संदेश को सार्वजनिक किया है, जिसने धार्मिक असहिष्णुता और सोशल मीडिया पर बढ़ती कड़वाहट की एक भयावह तस्वीर पेश की है।

### नफ़रत भरे संदेश का सारा ने दिया मुंहतोड़ जवाब..

सारा खान ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक स्क्रीनशॉट साझा किया है, जिसमें एक यूजर ने उनकी शादी के फैसले पर सवाल उठाते हुए उन्हें अपना सरनेम बदलने तक की सलाह दे डाली। उस यूजर ने लिखा, 'क्या पूरी दुनिया में तुम्हें शादी करने के लिए सिर्फएक हिंदू ही मिला? बहुत निराशाजनक। अपने नाम से 'खान' हटा दो, अब तुम मुस्लिम नहीं रही।' इस तरह के कट्टरपंथी और अपमानजनक संदेश पर सारा ने न केवल निराशा व्यक्त की, बल्कि तंज भरे लहजे में जवाब भी दिया। उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर इस संदेश को दोबारा साझा करते हुए लिखा, 'निराश हो? दुखद है... जाओ, इस निराशा में मर जाओ।'



### निकाह से लेकर सात फेरों तक..

सारा खान और कृष पाठक की शादी 5 दिसंबर 2025 को एक निजी समारोह में हुई थी। अपनी शादी की तस्वीरें साझा करते हुए सारा ने कैप्शन में लिखा था, 'कबूल है से सात फेरों तक... हमारे प्यार ने अपनी पटकथा खुद लिखी और हमारी दोनों दुनियाओं ने इसे स्वीकार किया।' गौरतलब है कि सारा और कृष शादी से पहले काफी समय तक रिलेशनशिप में थे। एक-दूसरे के धर्म और विश्वास का सम्मान करते हुए इस जोड़े ने हिंदू और मुस्लिम दोनों ही रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह किया था।

सारा के अनुसार उनकी शादी दो संस्कृतियों का मिलन है, लेकिन कुछ कट्टरपंथियों को उनका यह समावेशी नजरिया रास नहीं आ रहा है।

### ट्रोलिंग और पिछला सफर..

यह पहली बार नहीं है जब सारा खान अपनी शादी को लेकर सुर्खियों में रही हैं। इससे पहले वे अली मर्चेंट के साथ भी शादी के बंधन में बंधी थीं, लेकिन वह रिश्ता लंबे समय तक नहीं टिक सका और दोनों अलग हो गए। ब जब सारा ने कृष के साथ अपनी जिंदगी की नई शुरुआत की है, तो उन्हें लगातार धर्म के आधार पर ट्रोल किया जा रहा है।

सारा ने इस मामले को उजागर कर यह संदेश दिया है कि सोशल मीडिया पर नफरत फैलाने वालों को नजरअंदाज करने के बजाय उन्हें जवाब देना जरूरी है।

अभिनेत्री ने साफ कर दिया है कि वे अपनी खुशियों और पहचान के साथ किसी भी तरह का समझौता करने के मूड में नहीं हैं और धर्म के नाम पर नफरत फैलाने वालों को वे बर्दाश्त नहीं करेंगी।

## CSK को लगा बहुत बड़ा झटका, सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी ही हो गया इस सीजन से बाहर..

**डेस्क जगप्रेरणा।**

***चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2026 का सीजन अच्छा नहीं रहा है। जारी सीजन के बीच चेन्नई की टीम को एक बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार बल्लेबाज आयुष म्हात्रे चोट की वजह से आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं।***



म्हात्रे इस सीजन चेन्नई के लिए अब तक सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे हैं, ऐसे में उनका बाहर होना टीम के लिए एक बड़ा झटका है। उनके बाहर होने से जाहिर तौर पर **CSK** मैनेजमेंट की टेंशन बढ़ गई होगी।

### म्हात्रे को लेकर चेन्नई ने किया सोशल मीडिया पर पोस्ट..

आयुष म्हात्रे को लेकर चेन्नई सुपर किंग्स ने कहा है कि आयुष म्हात्रे को गंभीर चोट लगी और उन्हें ठीक होने में 6-12 हफ्तों का समय लगेगा, जिसके चलते वह इस टूर्नामेंट में आगे नहीं खेल पाएंगे। **CSK** ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि 18 अप्रैल को स्त्र्रा के खिलाफमैच के दौरान बल्लेबाजी करते समय बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के कारण आयुष म्हात्रे **IPL** 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। आयुष की चोट के ठीक होने में 6-12 हफ्तों का समय लगेगा। हम आयुष के जल्द ठीक होने की कामना करते हैं।

### आईपीएल 2026 में अब तक कैसा रहा है म्हात्रे का प्रदर्शन..

म्हात्रे ने **IPL** 2026 में 6 पारियों में 33.50 की औसत और 177.87 की स्ट्राइक रेट के साथ 201 रन बनाए। इस बीच उन्होंने 2 अर्धशतक भी लगाए। म्हात्रे ने पंजाब किंग्स के खिलाफ73 रन और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 59 रन की पारियां खेलीं थी।

टीम के पास इस वक्त म्हात्रे को रिप्लेस करने के लिए उर्विल पटेल जैसे प्लेयर्स मौजूद हैं, जो इस सीजन अभी तक बेंच पर रहे हैं। ऐसे में उन्हें मौका दिया जा सकता है। अब चेन्नई सुपर किंग्स की टीम प्लेइंग **XI** में उनकी जगह किसे मौका देती है ये देखने वाली बात होगी।

### CSK के कई प्लेयर्स चोट की वजह से हो चुके हैं बाहर..

चेन्नई सुपर किंग्स की टीम इस सीजन में चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रही है। इससे पहले नाथन एलिस और खलील अहमद भी बाहर हो चुके हैं। टीम के दिग्गज बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी भी चोट की वजह से अब तक नहीं खेल सके हैं।

वहीं **CSK** के प्रदर्शन की बात करें तो इस सीजन में रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली टीम ने 2 जीत दर्ज की है और 4 में हार का सामना करना पड़ा है। इस वक्त चेन्नई की टीम 4 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में आठवें नंबर पर है।

## भारतीय पहलवानों को विदेशी कोच का पूरा पैनल मिला..

**जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)**

एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक की तैयारी को ध्यान में रखते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने मंगलवार को बड़ा कदम उठाते हुए तीन विदेशी कोच और एक 'हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर (एचपीडी)' की नियुक्ति की है।

यह फैसला कई वर्षों बाद विदेशी विशेषज्ञों की वापसी के रूप में देखा जा रहा है। जॉर्जिया के एमजारियोस शाको बेंटिनिडिस (फ्रीस्टाइल), रूस के गोर्गी कोगुआशविली (ग्रीको-रोमन) और जापान के कोसेई अकाइशी (महिला कुश्ती) को कोच नियुक्त किया गया है। वहीं अमेरिका के आयन बटलर को एचपीडी नियुक्त किया गया है। ये सभी एक मई से राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों से जुड़ेंगे और उन्हें लगभग 7,000 डॉलर मासिक वेतन दिया जाएगा।

इन नियुक्तियों पर भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और कई भारतीय कोच के साथ हुई ऑनलाइन बैठक में अंतिम मुहर लगी। एचपीडी आयन बटलर लखनऊ और दिल्ली स्थित पुरुष एवं महिला शिविरों के बीच समन्वय स्थापित करेंगे, ताकि विदेशी और भारतीय कोच के बीच बेहतर तालमेल बन सके।

डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि यह निर्णय एशियाई खेलों की तैयारी को तेज करने के लिए लिया गया है। उन्होंने कहा कि बेंटिनिडिस पहले भी बजरंग पुनिया के साथ काम कर चुके हैं और उनके मार्गदर्शन में कई पहलवानों के प्रदर्शन में सुधार हुआ था। पूर्व विश्व चैंपियन और ओलंपिक पदक विजेता कोगुआशविली ग्रीको-रोमन शैली में अनुशासन और रणनीति के लिए जाने जाते हैं। उन पर इस शैली में भारत के प्रदर्शन को बेहतर करने की जिम्मेदारी होगी।

अकाइशी जापान की सफल महिला कुश्ती प्रणाली का हिस्सा रहे हैं। पहले वे बेंगलुरु स्थित एक केंद्र से जुड़े थे, लेकिन सक्रिय खिलाड़ियों की कमी के चलते अब उन्हें राष्ट्रीय महिला टीम से जोड़ा गया है। उनके साथ भाषा संबंधी बाधा दूर करने के लिए जापानी दूतावास की ओर से एक दुभाषिया भी उपलब्ध कराया जाएगा।

एचपीडी आयन बटलर प्रशिक्षण योजना, खिलाड़ियों की निगरानी और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप भारत की कुश्ती प्रणाली को मजबूत करने पर काम करेंगे। डब्ल्यूएफआई ने 2019-20 के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में विदेशी कोच की नियुक्ति की है।

इससे पहले कई विदेशी कोच का कार्यकाल विवादों या प्रदर्शन संबंधी कारणों से समाप्त हो गया था। डब्ल्यूएफआई के विदेशी कोचिंग अनुभव में पहले कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं। ईरान के होसैन करीमी को अक्टूबर 2019 में पुरुष फ्रीस्टाइल कोच नियुक्त किया गया था। उन्हें महज छह महीने के अंदर 'वीआईपी कल्चर' से जुड़े आरोपों के चलते हटा दिया गया था। इसके बाद अमेरिकी कोच एंड्रयू कुक ने महिला शिविर की जिम्मेदारी संभाली, लेकिन 2020 में राष्ट्रीय शिविर कोरोना महामारी के कारण बंद होने के बाद उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। बाद में 2025 में उन्हें औपचारिक रूप से बर्खास्त किया गया। डब्ल्यूएफआई ने ऑनलाइन सत्रों में भाग न लेने का कारण बताया, जबकि कुक ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि उनकी विदाई वेतन संबंधी मुद्दों पर उनके रुख के कारण हुई। इसी तरह जॉर्जिया के ग्रीको-रोमन कोच तेमो कासारशविली को तोक्यो ओलंपिक के लिए इस श्रेणी के एक भी पहलवान के क्वालीफाई न कर पाने पर 2021 में हटा दिया गया था।

इन अनुभवों से सीख लेते हुए अब डब्ल्यूएफआई ने अधिक समन्वित और सहयोगात्मक प्रणाली अपनाने का निर्णय लिया है, जिसमें विदेशी और भारतीय कोच एचपीडी की निगरानी में मिलकर काम करेंगे। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की पदक संभावनाओं को मजबूत करना है।

डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि पहले संगठन का मानना था कि भारतीय कोच पर्याप्त हैं, लेकिन अब जरूरत के अनुसार यह फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा, 'कई पहलवान मानते हैं कि विदेशी कोच तकनीक सुधारने में मदद करते हैं। हम अपने पहलवानों को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# मार्च से अब तक पांच लाख से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन शुरू



नयी दिल्ली, (भाषा)।

***पश्चिम एशिया संकट से एलपीजी की आपूर्ति पर बने दबाव के बीच मार्च से अब तक देश में पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) के 5.01 लाख से अधिक नए कनेक्शनों में आपूर्ति शुरू हो चुकी है,***

जबकि 5.68 लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने नए कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। आपूर्ति गतिरोध के बीच सरकार ने रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की तुलना में अधिक सुविधाजनक विकल्प के रूप में पीएनजी को बढ़ावा देने के लिए कदम तेज किए हैं। इस दौरान पीएनजी नेटवर्क के दायरे में आने वाले उपभोक्ताओं को एलपीजी से पीएनजी में स्थानांतरित होने के लिए कहा गया है। इसके अलावा गैस पाइपलाइन बिछाने की मंजूरी प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है।

शर्मा ने बताया कि 19 अप्रैल तक करीब 39,400 उपभोक्ताओं ने पीएनजी आपूर्ति शुरू होने के बाद अपने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू एलपीजी आपूर्ति फ़िलहाल स्थिर है और गैस वितरकों के स्तर पर किल्लत की कोई सूचना नहीं है। ऑनलाइन सिलेंडर बुकिंग दर 98 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जबकि आपूर्ति सत्यापन कोड (डीएसी) पर आधारित आपूर्ति लगभग 92 प्रतिशत हो गई है।

वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की उपलब्धता को भी बढ़ाकर संकट से पहले के स्तर के करीब 70 प्रतिशत तक लाया जा चुका है। प्रवासी कामगारों के लिए पांच किलो वजन वाले सिलेंडरों की दैनिक आपूर्ति दोगुनी की गई है और मार्च के अंत से अब तक 19.2 लाख से अधिक छोटे सिलेंडर बेचे गए हैं।

इस बीच, प्राकृतिक गैस की आपूर्ति को शहरी गैस वितरण नेटवर्क के लिए प्राथमिकता दी गई है, जिसमें घरेलू पीएनजी और परिवहन क्षेत्र के सीएनजी को पूर्ण आवंटन दिया गया है।

इसके अलावा, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड ने देशव्यापी पीएनजी विस्तार अभियान की समयसीमा 30 जून तक बढ़ा दी है।

# चांदी 700 रुपये मजबूत, सोने में 300 रुपये की तेजी



नयी दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 700 रुपये बढ़कर 2.58 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि वैश्विक अनिश्चितता***

और मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच सोने की कीमतों में भी मामूली बढ़त देखने को मिली। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 300 रुपये बढ़कर 1,57,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई।

लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने बताया कि घरेलू बाजारों में सोने की कीमत में मामूली तेजी देखने को मिली, क्योंकि पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है, जिसके चलते निवेशक 'सुरक्षित निवेश' की ओर रुख कर रहे हैं। हालांकि, वैश्विक रुझान कमजोर बने रहे। हाजिर चांदी 1.29 प्रतिशत घटकर 78.69 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि सोना लगभग एक प्रतिशत घटकर 4,776.85 डॉलर प्रति औंस रह गया। मिराए एसेट शेयरखान में प्रमुख (जिंस) प्रवीण सिंह ने बताया कि डॉलर में मजबूती और अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण हाजिर सोना 4,780 डॉलर प्रति औंस के स्तर के आसपास बना रहा।

उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा ईरान के साथ बातचीत की संभावना का संकेत दिए जाने के बावजूद तेहरान ने बातचीत में शामिल होने का कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया है।

ऑगमोंट में शोध मामलों की प्रमुख रेनीशा चैनानी ने कहा कि बाजार भागीदार इस बात पर बारीकी से नजर रख रहे हैं कि क्या अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत आगे बढ़ेगी और क्या इससे संघर्ष विराम की अवधि में विस्तार होगा या कोई व्यापक शांति समझौता हो पाएगा।

उन्होंने कहा कि सोने की कीमत की दिशा पश्चिम एशिया में जारी तनाव से जुड़े घटनाक्रमों और ऊर्जा की लागत तथा मुद्रास्फीति की उम्मीदों पर पड़ने वाले उनके प्रभाव से ही निर्धारित होती रहेगी।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दखल के बाद एफसीआई दिल्ली में गेहूं खरीदेगा..



नयी दिल्ली, (भाषा)।

***दिल्ली सरकार ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दखल के बाद, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा दिल्ली में गेहूं की खरीद पांच साल के अंतराल के बाद फिर से शुरू होगी।***

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा बयान में कहा गया है कि गेहूं की स्थानीय खरीद 24 अप्रैल से नरेला और नजफ़गढ़ मंडियों में शुरू होगी जिससे शहर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली मज़बूत होगी। बयान के अनुसार, गुप्ता ने इस मामले में दखल देते हुए केंद्र सरकार से एफसीआई के ज़रिए गेहूं खरीदने का आग्रह किया था, जिसे वर्ष 2021 में रोक दिया गया था। केंद्र सरकार ने इस अनुरोध को मान लिया है।

बयान के अनुसार, दिल्ली में वित्तवर्ष 2021-22 के बाद एफसीआई द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं की खरीद फिर से शुरू की जा रही है। राजधानी में लगभग 29,000 हेक्टेयर ज़मीन पर खेती होती है और यहां हर साल लगभग 80,000 टन गेहूं का उत्पादन होता है, जो स्थानीय खपत से ज़्यादा है और बाज़ार में बेचने के लिए अतिरिक्त गेहूं बच जाता है।

इस पहल से दिल्ली के लगभग 21,000 किसानों को सीधे तौर पर फ़ायदा होने की उम्मीद है। किसानों को खरीद केंद्रों पर अपनी फ़सल बेचने के लिए अपना आधार कार्ड, ज़मीन के कागज़ात और बैंक पासबुक साथ लाना होगा।

बयान में कहा गया है कि सरकार जल्द ही गांव-वार खरीद का कार्यक्रम घोषित करेगी।

मुख्यमंत्री ने इस कदम के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह किसानों के कल्याण और उनकी आय की सुरक्षा के प्रति मज़बूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है और किसानों के हितों को प्राथमिकता देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा, ''केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच तालमेल से किए गए प्रयासों से, राजधानी के किसान अपनी उपज का उचित मूल्य पा सकेंगे और आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बन सकेंगे।''

हाल में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी को लिखे एक पत्र में, गुप्ता ने चल रहे रबी विपणन सत्र के दौरान दिल्ली में गेहूं की खरीद तत्काल फिर से शुरू करने का आग्रह किया था।

अपने पत्र में, गुप्ता ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि स्थानीय स्तर पर खरीद न होने के कारण किसानों को अपनी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम कीमत पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिसका उनकी आय पर बुरा असर पड़ रहा है।

गुप्ता ने कहा कि स्थानीय स्तर पर खरीदे गए गेहूं को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में आसानी से शामिल किया जा सकता है, जिससे खाद्य सुरक्षा ढांचा और मजबूत होगा। साथ ही, अनाज के अनावश्यक बाहरी परिवहन पर रोक लगाने से स्थानीय बाजारों में संतुलन बनाए रखने और आपूर्ति श्रृंखला की कार्यक्षमता को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

# सत्त्वा ग्रुप, नॉलेज रियल्टी ट्रस्ट कर्नाटक के तटीय क्षेत्र में कचरा प्रबंधन प्रणाली विकसित करेंगे



नयी दिल्ली, (भाषा)।

***बेंगलुरु की रियल एस्टेट कंपनी सत्त्वा ग्रुप ने कर्नाटक के 320 किलोमीटर लंबे तटीय क्षेत्र में प्लास्टिक कचरे की समस्या से निपटने के लिए नॉलेज रियल्टी ट्रस्ट और रीपर्पस ग्लोबल के साथ साझेदारी की है।***

नॉलेज रियल्टी ट्रस्ट (केआरटी) एक रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट है, जिसे सत्त्वा ग्रुप और वैश्विक निवेश कंपनी ब्लैकस्टोन मिलकर संचालित करते हैं।

कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि सत्त्वा ग्रुप ने नॉलेज रियल्टी ट्रस्ट और रीपर्पस ग्लोबल के साथ मिलकर 'कर्नाटक जीरो वेस्ट इनिशिएटिव' नामक पहल शुरू की है। इसका मकसद तटीय इलाकों में स्थानीय लोगों की मदद से कचरा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करना है।

बयान के अनुसार यह योजना तीन साल तक चलेगी। इसमें कर्नाटक के तटीय क्षेत्रों में बढ़ते प्लास्टिक कचरे की समस्या को कम करने पर ध्यान दिया जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, तटीय कचरे में करीब 60 प्रतिशत हिस्सा प्लास्टिक का होता है।

इस कार्यक्रम के तहत 50 तटीय गांवों को औपचारिक कचरा प्रबंधन प्रणाली से जोड़ा जाएगा और 200 कचरा कर्मियों को सहायता दी जाएगी। सत्त्वा ग्रुप के उपाध्यक्ष (रणनीति) शिवम अग्रवाल ने कहा कि तटीय क्षेत्र पर्यावरण और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए बहुत अहम है और यहां सुधार से स्थानीय लोगों की आजीविका पर सीधा असर पड़ेगा।

# भगवंत सिंह मान की नीदरलैंड यात्रा, आर्थिक सहयोग बढ़ाने को लेकर की बैठकें



चंडीगढ़, (भाषा)।

***पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने नीदरलैंड की यात्रा के दौरान मंगलवार को कई अहम बैठकों में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने आर्थिक सहयोग बढ़ाने और लोगों के बीच संबंध मजबूत करने पर जोर दिया।***

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मान अपनी सरकार के निवेश प्रोत्साहन अभियान के तहत यूरोपीय देश की यात्रा पर हैं।

मुख्यमंत्री मान ने नीदरलैंड्स इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड ट्रेड (एनआईसीसीटी) की चेयरपर्सन के नेतृत्व में समिति के सदस्यों के साथ भी बातचीत की। उन्होंने पंजाब और नीदरलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को बढ़ाने और निवेश प्रवाह को बढ़ावा देने की वकालत की।

उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में पंजाब की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि राज्य वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ने और निर्यात-आधारित वृद्धि के लिए तैयार है।

मान ने एनआईसीसीटी से पंजाब और नीदरलैंड की कंपनियों के बीच संपर्क बढ़ाने और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों को प्रोत्साहित करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।

उन्होंने वैश्विक निवेशकों को पंजाब में निवेश करने का न्योता देते हुए कहा कि राज्य में अनुकूल कारोबारी माहौल और पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। साथ ही, उन्होंने सरकार की निवेश को आसान बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

हेग में आयोजित निवेश बैठकों के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य की औद्योगिक क्षमताओं और नए अवसरों के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में नीदरलैंड के उद्योग जगत के प्रतिनिधि और अन्य संबंधित पक्ष शामिल हुए।

# विदेशी बाजारों में तेजी से सोयाबीन तेल-तिलहन, पाम-पामोलीन कीमतों में सुधार



नयी दिल्ली, (भाषा)।

***विदेशों में खाद्यतेलों के दाम में आई मजबूती के कारण देश के तेल-तिलहन बाजार में मंगलवार को विशेषकर सोयाबीन तेल-तिलहन तथा पाम-पामोलीन तेल कीमतों में सुधार दर्ज हुआ।***

मांग निकलने से बिनौला तेल के दाम भी मजबूत बंद हुए। सामान्य कामकाज के बीच सरसों एवं मूंगफली जैसे तेल-तिलहनों के दाम स्थिर बने रहे। मलेशिया और शिकागो एक्सचेंज में 2 से 2.5 प्रतिशत की तेजी थी।

बाजार सूत्रों ने बताया कि विदेशी बाजारों में तेजी की वजह से देश के बाजारों में आयात होने वाले सोयाबीन तेल-तिलहन तथा पाम-पामोलीन तेल कीमतों में मजबूती रही। पश्चिम एशिया में युद्ध भड़कने की आशंका के बीच आपूर्ति प्रभावित होने की चिंताओं से भी तेल-तिलहन कीमतों में मजबूती को समर्थन मिला। सुस्त कामकाज के बीच सरसों एवं मूंगफली जैसे देशी तेल-तिलहनों के दाम स्थिर बने रहे।

उन्होंने कहा कि सरकार के लिए मौजूदा समय सरसों का स्टॉक बनाने का सही समय है जो आगे की अनिश्चित परिस्थितियों में हमें राहत दे सकता है। सरसों का दाम भी कम है और सरकार के पास सरसों का कोई विशेष स्टॉक भी नहीं है। इसका पर्याप्त स्टॉक बनाकर रखने को यह उपयुक्त समय है।

## तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:

सरसों तिलहन - 6,725-6,750 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,750-7,225 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 16,000 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,535-2,835 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 13,950 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,340-2,440 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,340-2,485 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 16,000 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,800 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,500 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,300 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 14,700 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,250 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,050 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 5,875-5,925 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 5,525-5,600 रुपये प्रति क्विंटल।







विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# असम के कई हिस्सों में तूफान से तबाही, एक व्यक्ति की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***असम के कई हिस्सों में आए भारी तूफान के दौरान कामरूप जिले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। गुवाहाटी से लगभग 50 किलोमीटर दूर कामरूप जिले के चायगांव से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार रात आए तूफान के दौरान एक स्थानीय युवक की मौत हो गई।***

बिहू सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान आई भारी बारिश के चलते युवक अन्य लोगों के साथ एक पेड़ के नीचे शरण लिए हुए था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पेड़ की एक शाखा टूटकर युवक पर गिर गई जिसके कारण उसकी मौत हो गई। भारी तूफान, तेज बारिश और हवाओं ने राज्य के गोलपारा तथा बोंगाईगांव जैसे कई हिस्सों को प्रभावित किया, जिससे संपत्ति एवं फसलों को भारी नुकसान हुआ। मूसलाधार बारिश के कारण गुवाहाटी के कई हिस्से रविवार शाम से जलमग्न हैं, हालांकि पिछले 24 घंटों में बारिश में कुछ कमी आई है।

गुवाहाटी में, मंगलवार सुबह सौकुची क्षेत्र में बासिष्ठ नदी में एक शव उतराता मिला। शव पड़ोस के हाटीगांव क्षेत्र के एक युवक अख्तर अली का माना जा रहा है, जो रविवार शाम से लापता था। पुलिस के मुताबिक परिवार के सदस्यों ने कपड़ों के आधार पर शव की पहचान की। हालांकि औपचारिक पहचान प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है।



असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के मुताबिक, रविवार को मालीगांव क्षेत्र में नाले में गिरने से पायल नाथ नाम की एक महिला की मौत हो गयी। कामरूप (मेट्रोपॉलिटन) के जिला आयुक्त ने घटना की जिम्मेदारी तय करने के लिए मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिये हैं।गुवाहाटी के कई हिस्से, जिसमें सबसे अधिक प्रभावित रुकमिणीगांव, अनिल नगर और नबीन नगर शामिल हैं, तीसरे दिन भी जलमग्न रहे। अखिल असम छात्र संघ (आसू) की गुवाहाटी इकाई ने शहर में कृत्रिम बाढ़ के खिलाफ प्रदर्शन किया और इसके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

एएएसयू ने गुवाहाटी में विकासकार्य के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किये जाने के तरीकों पर सवाल उठाया तथा सरकार से जिम्मेदारी लेने की मांग की। गुवाहाटी में रविवार रात और सोमवार तड़के भारी बारिश हुई, जिससे अधिकांश सड़कों पर घुटने तक पानी भर गया तथा कुछ जगहों पर पानी छाती तक पहुंच गया।

मुख्य सचिव रवि कोटा ने स्थिति की समीक्षा करते हुए गुवाहाटी नगर निगम, गुवाहाटी महानगर विकास प्राधिकरण और जल संसाधन विभाग को संवेदनशील क्षेत्रों में जलभराव से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा है। सोमवार को जारी अधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, भारी बारिश जारी रहने की संभावना को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने भूस्खलन प्रभावित पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों को सतर्क रहने और जान-माल की हानि से बचने के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने के लिए कहा है। इसमें कहा गया है कि भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, आने वाले दिनों में छिटपुट बारिश और आंधी चलने की संभावना है। सभी एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है।

# दिल्ली में पार्किंग विवाद को लेकर व्यापारी की हत्या के आरोप में दो और गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को बताया कि पार्किंग विवाद को लेकर 34 वर्षीय कपड़ा व्यापारी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में मुख्य आरोपी के सौतेले बेटे सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार,***

इस मामले में दो और आरोपी अब भी फरार हैं और कई टीमें उनकी तलाश कर रही हैं, जिनमें वह मोटरसाइकिल भी शामिल है जिसका इस्तेमाल आरोपियों ने भागने के लिए किया था। पीड़ित के परिवार के सदस्य और मित्र न्याय की मांग और सभी आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी की मांग को लेकर घटनास्थल से प्रीत विहार थाने तक कैंडल मार्च निकाला। पीड़िता की करीबी दोस्त जसमीत ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि वे घर से थाने तक कैंडल मार्च निकाल रहे हैं। पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार इलाके में टोयोटा फॉर्च्यूनर और बीएमडब्ल्यू को आवासीय भवन के बाहर पार्क करने को लेकर हुए तीखे विवाद के बाद रविवार देर रात पंकज नैयर की कथित तौर पर उनके किराएदार ने गोली मारकर हत्या कर दी। प्रीत विहार निवासी गौरव शर्मा (42) को घटना के कुछ घंटों के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। उसपर ही गोली चलाने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि टीम ने मंगलवार सुबह उसके साथियों सुनील शर्मा (41) और उसके सौतेले बेटे सिद्धार्थ को गिरफ्तार कर लिया। आगे की जांच जारी है। पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने कहा, 'टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन विश्लेषण किया, तकनीकी निगरानी की और मौके पर पूछताछ की। फरार संदिग्धों की पहचान करने के लिए स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाई गई।' पुलिस को रविवार देर रात करीब 2:22 और 2:26 बजे झगड़े और गोलीबारी के संबंध में दो बार सूचना दी गई। यह विवाद पंकज और पारस नैयर नामक दो भाइयों और गौरव और उसके साथियों के बीच हुआ। बहस इतनी बढ़ गई कि गौरव ने कथित तौर पर कई गोलियां चला दीं। एक गोली पंकज की छाती में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि उसे निर्माण विहार के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पारस को भी मामूली चोटें आईं और उसे लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद गौरव अपने साथियों सुनील और सौतेले बेटे के साथ मौके से फरार हो गया। बाद में गौरव को मॉडल टाउन से गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि विवाद पार्किंग व्यवस्था को लेकर चल रहा था। पंकज अपनी पत्नी और छह वर्षीय बेटे के साथ नोएडा के सेक्टर 121 में रहते थे, विवाद सुलझाने में मदद के लिए बुलाए जाने पर अपने भाई के घर प्रीत विहार आए थे। परिवार के सदस्यों ने बताया कि उनकी पत्नी सात महीने की गर्भवती हैं और यह उनका दूसरा बच्चा है। पीड़ित की मां ने कहा, 'अब सब कुछ खत्म हो गया है। मेरे बेटे को सबके सामने गोली मार दी गई।' इसी बीच, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गाय और उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।



# गलत सिग्नल की वजह से एक ही ट्रैक पर आई दो ट्रेनें, मची अफरा-तफरी..



डेस्क जगप्रेरणा।

***मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेनों के संचालन में मंगलवार दोपहर एक बड़ी चूक सामने आई। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT) पर गलत सिग्नल की वजह से एक ही प्लेटफॉर्म पर दो ट्रेनें आमने-सामने आ गई। हालांकि, समय रहते ट्रेन के रुक जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद स्टेशन मास्टर को निलंबित कर दिया गया है।***

घटना मंगलवार दोपहर करीब 3:15 बजे की है। मध्य रेलवे के अधिकारियों के अनुसार, बदलापुर जाने वाली एक लोकल ट्रेन को प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर जाना था। लेकिन सिग्नल की गलती के कारण उसे प्लेटफॉर्म नंबर 5 की ओर भेज दिया गया। चौंकाने वाली बात यह थी कि प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर पहले से ही खोपोली जाने वाली एक अन्य ट्रेन खड़ी थी।

## ड्राइवर की सूझबूझ से टला हादसा..

मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (CPRO) स्वप्निल नीला ने बताया कि ट्रेन ने सीएसएमटी का होम सिग्नल पार कर लिया था। प्लेटफॉर्म से करीब 270 मीटर पहले स्थित इंटरनल होम सिग्नल लाल था, जिसे देखकर ड्राइवर ने तुरंत ट्रेन रोक दी। उस वक्त बदलापुर ट्रेन और प्लेटफॉर्म पर खड़ी दूसरी ट्रेन के बीच की दूरी महज 130 मीटर के आस-पास थी।

इस चूक के कारण मध्य रेलवे की मुख्य लाइन पर ट्रेनों का परिचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ। घटना के बाद प्लेटफॉर्म नंबर 5 से 8 तक की सेवाओं को अस्थायी रूप से रोक दिया गया। बदलापुर ट्रेन को पीछे लेकर सही मार्ग पर डाला गया। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान मुख्य लाइन की ट्रेनें अपने निर्धारित समय से काफी देरी से चलीं।

## लगातार दूसरे दिन प्रभावित हुई मुंबई लोकल..

मध्य रेलवे के यात्रियों के लिए यह लगातार दूसरा दिन था जब उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे एक दिन पहले ही ठाणे के डोंबिवली स्टेशन के पास कार शेड से निकल रही एक खाली ट्रेन का डिब्बा पटरी से उतर गया था, जिसके कारण घंटों तक यातायात बाधित रहा था।

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग

सबसे कम कीमत पर

समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..

जगप्रेरणा ग्राफिक्स

गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433

# पालघर में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से एक व्यक्ति की मौत, पांच घायल..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***महाराष्ट्र के पालघर जिले में मंगलवार को पटाखा फैक्टरी में विस्फोट होने से एक श्रमिक की मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।***



पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना के संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले प्रशासन ने मृतकों की संख्या दो बताई थी, लेकिन शाम को जारी एक संशोधित बयान में कहा गया कि एक पुरुष श्रमिक की मौत हो गई, जबकि 80 प्रतिशत झुलसी एक महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह घटना रविवार को तमिलनाडु में एक पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट के ठीक बाद हुई है, जिसमें 23 लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए। निगम आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने बताया कि वाडा तालुका के कोंसाई गांव में एक पुराने फार्महाउस में टिन के शेड में पटाखा निर्माण इकाई में दोपहर करीब 12 बजे विस्फोट हुआ।

उन्होंने बताया कि उस समय लगभग 35 श्रमिक पटाखे बनाने में लगे हुए थे। इनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। मृतक की पहचान भवेश दिलीप वावरे (35) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया, 'बचाव अभियान के लिए दमकल सेवाएं और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। विस्फोट के बाद लगी आग पर दमकल कर्मियों ने तुरंत काबू पा लिया।' प्रारंभिक जांच में पता चला कि 10 अप्रैल को परिचालन शुरू करने वाली इकाई में कच्चा माल बाहर से लाया गया था, और जामघर, कोंसाई, पालसाई और अलमन सहित आसपास के गांवों से दिहाड़ी मजदूरों को काम पर रखा गया था। उन्होंने कहा कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या पटाखा निर्माण इकाई के पास आवश्यक लाइसेंस थे और क्या उसने सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया था।

जिला पुलिस अधीक्षक यतीश देशमुख ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। मामले में शेड मालिक समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस तीसरे आरोपी की तलाश कर रही है।

# जमीन विवाद में भाई-भाभी पर लगाया धर्म परिवर्तन का आरोप, पंचायत में पहनायी जूते की माला...

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में दंपति पर धर्म परिवर्तन का आरोप लगाते हुए पंचायत में उन्हें जूते की माला पहनाने का मामला सामने आया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।***



पुलिस के अनुसार, मुरसान थानाक्षेत्र के गारवगढ़ी गांव में दंपति को जूते की माला पहनाए जाने का वीडियो वायरल हुआ है। इस मामले में परिवार के मुखिया शिवराम का कहना है कि उनके बेटे-बहू ने ईसाई धर्म अपना लिया है, जिसके कारण उन्हें इस तरह का व्यवहार सहना पड़ा। पुलिस ने बताया कि बलराम नाम का व्यक्ति अपनी पत्नी रानी और 13 साल के बेटे ललित के साथ आगरा में रहकर झूला चलाने का काम करता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि होली के त्यौहार पर वह अपनी पत्नी व बेटे के साथ गांव आया था और तब से गांव में रह रहा था। लोगों ने आरोप लगाया कि बलराम ने इस बार गांव में आने के बाद 'राम-राम बोलना' और 'भोग प्रसाद' खाना छोड़ दिया था, जिसको लेकर उसका अपने पिता शिवराम और भाई ताराचंद से विवाद हुआ था।

पुलिस के मुताबिक, बलराम के भाई ताराचंद का अपने भाई से घरेलू जमीन को लेकर विवाद था और उसने अपने भाई के धर्म परिवर्तन की अफ्वाह फैलाई थी। पुलिस ने बताया कि इस अफ्वाह के कारण पंचायत में शिवराम और ताराचंद ने बलराम का पारिवारिक और सामाजिक बहिष्कार करने की घोषणा की थी। पुलिस के मुताबिक, पंचायत के दौरान जब बलराम की पत्नी रानी अपने पति के पक्ष में बीच-बचाव करने आईं, तो परिवार के लोगों ने पति-पत्नी दोनों को जूते-चप्पल की माला पहनाई।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित पाठक ने बताया कि बलराम के भाई ताराचंद के साथ भूमि को लेकर विवाद था और उसने अपने भाई के धर्म परिवर्तन की झूठी अफवाह फैलाई थी। पाठक ने बताया कि धर्म परिवर्तन के आरोप सही नहीं पाए गए हैं और इस मामले में ताराचंद के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। बलराम ने भी स्पष्ट किया कि उसने धर्म परिवर्तन नहीं किया है।

# चीन ने ईरानी मालवाहक जहाज से संबंध होने से किया इनकार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***चीन ने खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका द्वारा जब्त किए गए ईरानी मालवाहक जहाज से किसी भी तरह का संबंध होने से मंगलवार को इनकार किया। जहाज पर,***



कथित तौर पर मिसाइल निर्माण के लिए रासायनिक सामग्री लदी हुई है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली द्वारा लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मेरी जानकारी के अनुसार, यह एक विदेशी ध्वज वाला मालवाहक जहाज है। चीन बढ़ा-चढ़ा कर किये जाने वाले किसी भी दावे का विरोध करता है।'

हेली ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया कि अमेरिका द्वारा जब्त किया गया जहाज चीन से ईरान जा रहा था और उस पर मिसाइल निर्माण के लिए रासायनिक सामग्री लदी हुई थी। हेली ने कहा, 'इसने रुकने के लिए कई बार दिये गए आदेश को मानने से इनकार कर दिया। यह एक और सबूत है कि चीन ईरान के शासन को मजबूत करने में मदद कर रहा है - एक ऐसी सच्चाई जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।'

ईरान के बंदरगाहों की ओर जाने वाले जहाजों की नाकाबंदी लागू कर रहे अमेरिकी नौसैनिक जहाज ने मालवाहक जहाज पर उस वक्त गोलाबारी की, जब उसने कथित तौर पर रुकने के आदेश को अनसुना कर दिया। बाद में, अमेरिकी मरीन सैनिकों ने जहाज को अपने कब्जे में लिया। ईरानी सेना ने चेतावनी दी है कि वह कंटेनर जहाज के खिलाफ अमेरिका की कार्रवाई का जवाब देगी। सीएनएन ने ईरान की सेना के हवाले से कहा, 'आक्रमणकारी अमेरिका ने युद्धविराम का उल्लंघन करते हुए और समुद्री डकैती में लिप्त होकर ओमान सागर के जलक्षेत्र में एक ईरानी वाणिज्यिक जहाज पर हमला किया।' ईरानी सेना ने कहा कि अमेरिका ने जहाज के नौवहन उपकरण नष्ट कर दिए और उसपर सैनिक तैनात कर दिए, 'जो जहाज के खिलाफआक्रामक गतिविधि थी।'

इस घटना के बाद, ईरान ने इस सप्ताह पाकिस्तान में अमेरिका के साथ होने वाली शांति वार्ता के दूसरे दौर में अपनी भागीदारी की पुष्टि करने से भी इनकार कर दिया। पिछले सप्ताह चीन ने ईरान की सेना को रक्षा और उपग्रह सहायता प्रदान करने से इनकार किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी ईरान को हथियार आपूर्ति करने पर चीन पर भारी शुल्क लगाने की धमकी दी है।

आरोपों का जवाब देते हुए, गुओ ने पिछले सप्ताह कहा कि चीन सैन्य उत्पादों के निर्यात पर हमेशा विवेकपूर्ण और जिम्मेदाराना तरीके से कार्य करता है तथा निर्यात नियंत्रण और उचित अंतरराष्ट्रीय दायित्वों से संबंधित चीन के कानूनों और विनियमों के अनुसार सख्त नियंत्रण रखता है। शुल्क की धमकी पर उन्होंने कहा, 'यदि अमेरिका इन आरोपों के आधार पर चीन पर टैरिफबढ़ाता है, तो चीन जवाबी कार्रवाई करेगा।'

# बीकानेर में कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन लोगों की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***राजस्थान के बीकानेर जिले में सोमवार तड़के एक कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक नाबालिग सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।***



गंगाशहर थानाधिकारी परमेश्वर सुथार ने बताया कि सोमवार तड़के करीब चार बजे उदयरामसर-पलाना मार्ग पर कार और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल सवार युवक और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य नाबालिग ने इलाज के दौरान पीबीएम अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान पलाना निवासी लेखराम, लालगढ़ निवासी कुलदीप बिहारी (नाबालिग) और रामपुरा बस्ती निवासी भंवरी देवी के रूप में हुई।

थानाधिकारी ने बताया कि लेखराम अपने पिता के साथ हलवाई का काम करता था और भंवरी देवी पूड़ी बेलने का काम करती थी तथा वह कुलदीप को अपने साथ ले जा रही थी। उन्होंने बताया कि लेखराम ने अपने पिता से कहा था कि वह करमीसर स्थित ननिहाल जाते समय भंवरी देवी और कुलदीप को बीकानेर छोड़ देगा लेकिन रास्ते में ही यह हादसा हो गया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।




जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा ग्रामीण
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

लक्ष्मीनारायण दुबे तिरोड़ा
मो. 9404304226

## बौद्ध विहार हलबीटोला में महामानव को अभिवादन..

# डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती उत्साह और धूमधाम से मनाई गई..







**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***नगर पंचायत सालेकसा अंतर्गत हलबीटोला स्थित मैत्री बौद्ध विहार समिति की ओर से भारतीय संविधान के शिल्पकार, विश्वरत्न, भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 135वीं***

जयंती के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़े उत्साह, उल्लास और भक्तिमय वातावरण में यह जयंती समारोह संपन्न हुआ। पूरे परिसर में आनंद का वातावरण बना हुआ था।

हलबीटोला स्थित मैत्री बौद्ध विहार में सुबह से ही समाजबंधुओं की भीड़ दिखाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा का विधिवत पूजन, दीप प्रज्वलन तथा त्रिशरण पंचशील ग्रहण कर की गई।

इसके बाद उपस्थित लोगों ने महामानव की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर अभिवादन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मैत्री बौद्ध विहार समिति के अध्यक्ष देवेंद्र डोंगरे ने की, जबकि उद्घाटन नगरसेवक किशोर गावराने के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता के रूप में युवा पत्रकार पवन पाथोडे उपस्थित थे। उन्होंने अपने मार्गदर्शनपरक भाषण में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों की विरासत को सहेजने का आह्वान किया। 'डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि एक महान विचार हैं। बाबासाहेब को सिर पर लेने से बेहतर है उन्हें अपने दिमाग में लें,' ऐसा प्रेरणादायी वक्तव्य उन्होंने किया। उनके भाषण को उपस्थित लोगों ने उत्स्फूर्त दाद दी।

इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में पूर्व उपाध्यक्ष प्रल्हाद वाढई, नगरसेवक रितेश लिल्हारे, नगरसेविका इठाताई राऊत, डॉ. भूपेश भलावी, सेवानिवृत्त पुलिस प्रल्हाद शेंडे, बबलू मानकर, हेमराज वलथरे, मुन्नालाल नाईक, बानू किरसान, पन्नालाल बोपचे, महेश चौधरी, देवेंद्र भोयर, भरत साहू, झनकलाल तुमडाम आदि मान्यवर उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान बाबासाहेब के जीवनकार्य पर प्रकाश डाला गया। शिक्षा, समता, बंधुता और सामाजिक न्याय इन मूल्यों को अपनाकर समाज को आगे बढ़ने की आवश्यकता मान्यवरों ने व्यक्त की। युवाओं ने बाबासाहेब के विचारों का अनुकरण कर शिक्षा के माध्यम से प्रगति करनी चाहिए, ऐसा आह्वान भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन पत्रकार बाजीराव तरोने ने किया, जबकि प्रस्तावना एवं आभार प्रदर्शन सिद्धार्थ कांबळे ने किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए लखन गोंडाने, गुलशन राऊत, गणेश घरडे, अंजय घरडे, योगेश डोंगरे, संजय मेश्राम, संतोष कोटांगले, चरण कांबळे, रचना गोंडाने, सविता घरडे, रेखा डोंगरे, श्वेता घरडे तथा अन्य समाजबंधुओं ने विशेष परिश्रम किए। इस भव्य जयंती समारोह के माध्यम से हलबीटोला परिसर में सामाजिक एकता और प्रेरणा का संदेश दिया गया।

# एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, बोरगांव/बाजार का 100 प्रति. रिजल्ट..

## सीबीएससी, क्लास दसवीं रिजल्ट..

**जगप्रेरणा देवरी।**

***एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, बोरगांव/बाजार ने इस साल CBSE क्लास 10th के एग्जाम में 100 परसेंट रिजल्ट हासिल किया है***

और स्कूल ने अपने शानदार रिजल्ट की परंपरा को बनाए रखा है। सभी स्टूडेंट्स पास हुए हैं और कई स्टूडेंट्स ने अच्छे मार्क्स लाकर स्कूल का नाम रोशन किया है।

इस साल के एग्जाम में, 'सलोनी पुराम' ने 82.60 परसेंट मार्क्स लाकर पहला स्थान हासिल किया है, 'युगल पंढरे' ने 81.80 परसेंट मार्क्स लाकर दूसरा स्थान हासिल किया है, जबकि 'वंशिका गेडाम' ने 79.80 परसेंट मार्क्स लाकर तीसरा स्थान हासिल किया है। स्टूडेंट 'आदित्य किरसान' ने मराठी सब्जेक्ट में 100 में से 100 मार्क्स लाकर राज्य में पहला स्थान हासिल करने का सम्मान हासिल किया है।

इसी तरह, स्टूडेंट पायल धुर्वे ने 99 मार्क्स लाकर राज्य में दूसरा रैंक हासिल किया। परीक्षा में शामिल स्कूल के 33 स्टूडेंट्स हायर क्लास में, 19 स्टूडेंट्स फर्स्ट क्लास में और 04 स्टूडेंट्स सेकंड क्लास में पास हुए हैं। स्कुल के प्रिंसिपल गणेश कुमार तोडकर ने इस स्कूल की शानदार सफलता के लिए पास हुए सभी स्टूडेंट्स और टीचर्स की तारीफ की। उन्होंने खास तौर पर मराठी टीचर 'वैशाली नवखरे (T.G.T. मराठी) को मराठी भाषा में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।




## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### तुने गाली क्यो दिया पुछने पर की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 20/4/2026 के रात 11 बजे के दरम्यान जब्बारटोला मे फर्यादी विनायक भोजराज राऊत उम्र 22 वर्ष निवासी जब्बारटोला अपने दोस्त के साथ दोस्त की शादी मे गया था। वहा से वापस आते समय आरोपी ने गालीगलौच की फर्यादी मे कहा क्यो बिनावजह गाली दे रहा है, तो आरोपीने गाली गलौच कर लात घुसो से मारपीट की और इटे से माथे पर मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 216/2025 धारा 118,1,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा बोहरे 337 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### तुने मेरे खेत का केबल क्यो काटा बोलकर की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गंगाझरी पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 19/4/2026 के दोपहर 4 बजे के दरम्यान बोरा गाव मे फर्यादी नरेन्द्रसिंग अनंतसिंग अटरे उम्र 34 वर्ष निवासी बोरा अपने खेत मे थे जहा आरोपियोने आकर कहा तुने हमारे खेत का केबल क्यो काटा फर्यादी ने कहा मैने नही काटा तो आरोपियो ने लातघुसो और लकडी से मारपीट की और आगे देख लेने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे गंगाझरी मे अपराध क्रमांक 191/2026 धारा 118,1,352,351,2,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाच सफौ राजेश जौंजाळ 935 पोस्टे गंगाझरी कर रहे है।

### जहर पीने से तबीयत खराब हुई महिला की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 5/ 4/2026 को शाम 7 बजे सौ ज्योती राजेन्द्र कावरे उम्र 24 वर्ष निवासी पोवारीटोला ने जहर पिया उसकी तबीयत खराब होने से उसे उपचार के लिये सहयोग हास्पीटल गोंदिया मे भर्ती कराया गया जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मर्ग के कागज पत्र पोस्टे सालेकसा मे प्राप्त होने से पोस्टे सालेकसा मे अकस्मात मौत क्रमांक 14/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत दर्ज कर जाँच मपोऊपनी नागदिवे पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

### ज्यादा शराब पीने से हुई मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 20/ 4/2026 के दोपहर 4 बजे के दरम्यान भागवत देवेन्द्रजी मळकाम उम्र 29 वर्ष निवासी गोंडिटोला की ज्यादा शराब पिने से तबीयत खराब हुई उसे उपचार के लिये केटीएस अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जहा उपचार के चलते उसकी मौत हो गई फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 09/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा भुते 1516 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

# महिला आरक्षण के नाम पर देश को गुमराह कर रही है भाजपा एवं मोदी सरकार - सांसद डॉ. किरसान..



**जगप्रेरणा आमगांव।**

***गडचिरोली/ चिमुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ, नामदेव किरसान ने लोस से चर्चा में बताया कि लोकसभा और विधानसभा में सदस्यों की संख्या डेढ़ गुना बढ़ाने वाला परिसीमन***

विधेयक लोकसभा में नामंजूर हो गया है। अपनी पराजय से बौखलायें प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा नेता यह कहकर देश को गुमराह कर रहे हैं कि महिला आरक्षण विधेयक हार गया है। सांसद डॉ, किरसान ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 त्न आरक्षण प्रदान करने वाला यह कानून दोनों सदनों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया था, और सितंबर 2023 में राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित किया गया था। डॉ किरसान के अनुसार लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 2024 के चुनावों से महिला आरक्षण लागू करने पर जोर दिया, लेकिन मोदी सरकार ने इसे जनगणना और परिसीमन के अधीन करके आरक्षण लागू नहीं किया।

महिला आरक्षण लागू करने वाला अध्यादेश 16 अप्रैल 2026 को देर से पारित हुआ। लेकिन 17 अप्रैल 2026 को स्वार्थवश प्रस्तावित संवैधानिक संशोधन को लोकसभा में खारिज कर दिया गया। यह बिलकुल सच है। अपनी महिला विरोध निती को छुपाने के लिए एन डी ए प्रणित मोदी सरकार देश को गुमराह कर रही है। किन्तु महिलायें भाजपा की गुमराह करने वाली झुठे बयान बाजी को महिलायें अच्छी तरह समझ रही है।

# पुराडा मे आदिवासी सामुहिक विवाह समारोह में होगे 85, जोड़े बंधेंगे परिणयसुत्र मे..

## राज्य के महसुलमंत्री चंद्रशेखर बावुनकुळे सहित मंत्री विधायक रहेगे उपस्थित..







**जगप्रेरणा आमगांव।**

***पुर्व महिला बालकल्याण सभापती सविता संजय पुराम एंव मां धुकेश्वरी***

सार्वजनिक मंदिर समिती के संयुक्त तत्वज्ञान मे आदिवासी सामुहिक विवाह समारोह का आयोजन 26 एप्रिल रविवार को शासकीय आदिवासी आश्रम स्कूल पुराडा मे सुबह 11:00 बजे किया गया है।

विधायक संजय पुराम के पुढाकार से आदिवासी समाज के 85 जोडे इस सामुहिक विवाह समारोह में परिणससुत्र मे बंधगे नवदाम्पत्य को आशिर्वाद प्रदान करने राज्य के महसुलमंत्री चंद्रशेखर बावुनकुळे, आदिवासी विकास मंत्री प्रा.डॉ.अशोक उईके, पालकमंत्री इंद्रनील नाईक, राज्यमंत्री डॉ.पंकज भोयर,सासंद डॉ.नामदेव किरसान सासंद माया इनवाते विधायक डॉ.परिणय फुके, राजकुमार बडोले, विनोद अग्रवाल, जिप अध्यक्ष लायकराम भेडांरकर उपस्थित रहेगे।

सामुहिक विवाह समारोह को सफल बनाने हेतु पुर्व महिला बालकल्याण सभापती सविता संजय पुराम एंव आयोजन समिती प्रयासरत है विवाह समारोह परिणयसुत्र मे बंधने वाले जोडो समिती की ओर से जिवनाश्यक वस्तु के साथ शासन के कन्यादान योजना के तहत 25000 रुपये का लाभ दिया जायेगा।

# जिला परिषद और सरकारी कर्मचारी पतसंस्था में विवाद अब निर्णायक मोड़ पर



## उपभोक्ता संरक्षण कार्यसमिति का रुख आक्रामक..

**जगप्रेरणा आमगांव।**

***जिला परिषद और सरकारी कर्मचारी पतसंस्था (र.न. 115) के बीच विवाद अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। संस्था बचाओ कृति समिति ने कर्मचारियों की भर्ती और नई शाखाओं के सृजन के खिलाफआक्रामक रुख अपनाया है. समिति ने विभागीय जांच जारी रहने के बावजूद भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के खिलाफ संस्था के***

अध्यक्ष और नागपुर के संभागीय सहनिबंधक को आधिकारिक शिकायत सौंपी। 31 अगस्त, 2025 को आयोजित आम बैठक में नए कर्मचारी आकृतिबंध के प्रस्ताव को बहुमत से खारिज कर दिया गया। समिति ने गंभीर आरोप लगाए हैं कि निदेशक मंडल ने आपसी सहमति से कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर 50 तक कर दी है. इससे सदस्यों में भारी असंतोष पैदा हो गया है।

नागपुर के विभागीय सहनिबंधक को ज्ञापन सौंपते संस्था बचाओ कृति समिति के पदाधिकारी उपभोक्ता पतसंस्था संरक्षण समिति के अनुसार, संगठन की वित्तीय स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती और शाखाओं का विस्तार करना जोखिम भरा निर्णय हो सकता है। यह बताया गया है कि नई शाखाओं से प्रशासनिक लागत और वेतन का बोझ बढ़ेगा। इससे प्रत्येक सदस्य पर प्रतिवर्ष लगभग 2,500 रुपए का अतिरिक्त भार पड़ेगा. सहकारी अधिनियम के अनुसार आवश्यक होने के बावजूद आम बैठक में संशोधित संरचना के बारे में स्पष्ट जानकारी न देकर सदस्यों को गुमराह करने का आरोप लगाया गया है।

## आंदोलन की चेतावनी..

भर्ती और शाखा गठन के खिलाफसुनवाई जारी रहने के बावजूद प्रक्रिया को लागू किए जाने के कारण आक्रोशित सदस्यों ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है. समिति ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो भविष्य में सख्त कदम उठाए जाएंगे।

ज्ञापन देते समय शिक्षक समिति के जिलाध्यक्ष संदीप तिड़के, जिलाध्यक्ष भंडारा योगेश पुडके, शिक्षक पतसंस्था अध्यक्ष संजय अजबले, रवि नखाते, अरुण बघेल, गजानन पाटणकर, आचल दामले, ज्ञानेश्वर दमाहे, विपेंद्र वालोदे, हेमकृष्णा दोनाडकर, तुषार टेकाम, रतन गणवीर, हेमंत राऊत, सुधीर शेंडे उपस्थित थे।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## पालक मंत्री के आदेशों के बावजुद न.प. गोंदिया में 17.50 करोड़ के बोगस कार्य मंजुरी की नहीं हुई जांच..

**न.प.पार्षदों के प्रतिनिधी मंडल के अनुरोध पर, दो सप्ताह में जांच पुरी कर दोषियों पर कार्यवाही के पालकमंत्री नाईक के निर्देश..**

**दलित विकास योजना अंतर्गत गोंदिया न.प. को 03.50 करोड़ रुपये तथा गोरेगांव-सालेकसा न.प. को 50-50 लाख रुपये की निधि होगी मंजुर..**



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गत वर्ष गोंदिया नगर परिषद चुनाव आचार संहिता लागु होने के ठीक पहले सितम्बर-अक्टुंबर माह में न.प.प्रशासक द्वारा जिला नियोजन समिती द्वारा विभिन्न योजनाओं में मंजुर 17.50 करोड़ रुपये निधी के अनावश्यक एवं पहले से ही अन्य योजनाओं में पूर्ण हो चुके कार्यों को पुन: मंजुरी कर आनन-फानन में मैनेज निविदा निकालकर न सिर्फ कार्यारंभ आदेश***

जारी किये गये, बल्कि आचार संहिता के दौरान कई बोगस बिल तैयार कर, न.प.लेखाधिकारी स्वप्नील मेश्राम से सांठगांठ कर गैरकानुनी भुगतान भी दे दिया गया। इस संदर्भ में न.प. के नवनिर्वाचित नगराध्यक्ष एवं पार्षदों ने जिले के पालकमंत्री इंद्रनिल नाईक के पिछले दौरे पर उन्हें इस 17.50 करोड़ रुपये के घोटाले से अवगत कराते हुए सभी कार्यारंभ आदेशों को रद्द करने तथा उच्च स्तरीय जांच का निवेदन किया था, जिस पर पालकमंत्री ने जिलाधिकारी को जांच के आदेश दिए थे तथा जिलाधिकारी ने उपविभागीय अधिकारी को जांच का कार्यभार सौंपा था। लेकिन पालकमंत्री के आदेश के बावजुद ना कोई जांच हुई, ना सत्य सामने आ सका।

इस संदर्भ में 20 अप्रैल को न.प. के मनोनीत सदस्य प्रफुल गोपालदास जी अग्रवाल एवं नगराध्यक्ष सचिन शेंडे के नेतृत्व में पुनः न.प. सदस्यों के प्रतिनिधी मंडल ने पालकमंत्री से भेंट कर उन्हें स्थिती से अवगत कराया तथा समयबध्द जांच एवं दोषियों पर कार्यवाही की मांग की, जिस पर पालकमंत्री ने जिलाधिकारी को आगामी दो सप्ताह में जांच कर सारी स्थिती स्पष्ट करने एवं सभी पहले हो चुके बोगस कार्यों को रद्द करने के कड़े निर्देश दिए। पालकमंत्री इंद्रनिल नाईक ने किन्ही बोगस कार्यों के भुगतान की स्थिती में संबंधित अधिकारीयों तथा ठेकेदारों से वसुली कार्यवाही के भी निर्देश जिलाधिकारी को दिए। प्रफुल गोपालदास जी अग्रवाल के अनुरोध पर गोंदिया नगर परिषद को 3.50 करोड़ तथा गोरेगांव-सालेकसा नगर पंचायतों को 50-50 लाख की विकास निधी दलित बस्ती योजना अंतर्गत मंजुरी के निर्देश भी पालकमंत्री ने जिलाधिकारी डॉ.मंगेश गोंदावले का दिए है, यह विशेष उल्लेखनीय है। प्रतिनिधी मंडल में प्रफुल अग्रवाल के साथ नगराध्यक्ष सचिन शेंडे, अशोक गप्पु गुप्ता, पंकज यादव, ज्योती फुंडे, अमर रंगारी, चंद्रकुमार चुटे, सुनिल तिवारी, क्रांतीकुमार जायसवाल, शिलुताई ठाकुर, राकेश ठाकुर, अजय अग्रवाल, दीपा सुनिल सहारे, रुपेश नशीने सहित अन्य पार्षद उपस्थित थे।

## उद्योग व स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाए ब्राह्मण समाज - उपजिलाधिकारी अवधाने

**समग्र ब्राम्हण सभा द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर समारोहपूर्वक किया गया नवनिर्वाचित पार्षदों का सत्कार..**



जगप्रेरणा गोंदिया।

ब्राह्मण समाज को अब परंपरागत दायरों से निकलकर आर्थिक स्वावलंबन की ओर ध्यान देना चाहिए। वर्तमान में 'अमृत' की तरह सरकार की अनेक योजनाएं संचालित हैं, जिनका लाभ उठाकर समाज के शिक्षित और जरूरतमंद युवाओं को स्वयं का उद्योग स्थापित करना चाहिए। उच्च शिक्षा के लिए भी योजनाएं है जिसका समाज बंधुओं ने लाभ लेना चाहिए। समाज की एकजुटता यह प्रगति की पहली सीढ़ी है। हमारे वेदों द्वारा दिए गए मंत्र शक्तिशाली और प्रभावी है और उनकी साधना अत्यंत जरूरी है, यह हम अपनी संतानों को सिखाए, ऐसे उदगार गोंदिया के उपजिलाधिकारी विजय अवधाने ने कहे। वे समग्र ब्राम्हण समाज द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व पं सत्यनारायण मिश्रा की स्मृति मे आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह में बोल रहे थे। पं अरुण दुबे की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मंच पर बालाघाट जिले की जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मधु शुक्ला, समग्र ब्राम्हण सभा के संयोजक पं. निलेश चौबे, संयोजक अतुल दुबे, पं. विनय मिश्रा, पं. जगदीश मिश्रा, पं. देवेश मिश्रा उपस्थित थे।

### बोली मधु शुक्ला..

बालाघाट जिले की भाजपा नेत्री जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मधु शुक्ला ने अपनी ओजस्वी वाणी से समाजबंधुओं में उत्साह भर दिया। उन्होंने कहा कि हम ब्राह्मण भगवान परशुराम के वंशज हैं, जिनके एक हाथ में शास्त्र और दूसरे में शस्त्र का संतुलन है। हमें अपनी सोई हुई शक्तियों को फिर से जागृत करना होगा। यदि कोई समाज की उदारता को उसकी कमजोरी समझे या अन्याय करे, तो उसे प्रतिकार के माध्यम से अपने अस्तित्व का अहसास कराना अनिवार्य है। उन्होंने आह्वान किया कि समाज अपनी संस्कृति और संस्कारों के माध्यम से पूरे राष्ट्र को मार्ग दिखाए।

### बोले निलेश चौबे..

संयोजक निलेश चौबे ने अपने प्रास्ताविक भाषण में गौरव के साथ उल्लेख किया कि विगत 16 वर्षों से यह आयोजन निरंतर किया जा रहा है, जो अब एक गौरवशाली परंपरा बन चुका है। यह आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. सत्यनारायण मिश्रा की पावन स्मृति में किया गया, जिनकी जीवनी पर पं. अतुल दुबे ने प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे उन्होंने राष्ट्र सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

### इन पार्षदों का किया गया सत्कार..

इस अवसर पर हाल ही में नगर परिषद चुनावों में अपनी सेवा भाव से विजय प्राप्त करने वाले पार्षदों का भव्य नागरिक सत्कार किया गया। इसमें श्रीमती निर्मला दिलीप मिश्रा (सभापति), विवेक दिनेश मिश्रा (भाजपा गुट नेता), राज मनोज शुक्ला (राकांपा गुट नेता), दुर्गा सुनील तिवारी, एड. सरिता संजीव कुलकर्णी, शिवकुमार शर्मा और नीति विनोद राय को शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पं. जयंत शुक्ला द्वारा किया गया। आभार पं. सचिन (बंटी) मिश्रा ने माना। समारोह का शुभारंभ भगवान परशुराम के पूजन, दीप प्रज्वलन से और समापन महाप्रसाद वितरण के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज बंधुओं की उपस्थिति थी।

### जय परशुराम के जयकारों से गूंजी गोंदिया नगरी..

भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 19 अप्रैल को निकाली गई शोभायात्रा ने पूरे गोंदिया को 'परशुराममय' कर दिया। सिविल लाइन स्थित महिला समाज भवन से निकली इस भव्य शोभायात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में सजे समाज बंधु, मातृशक्ति और युवा वर्ग ने अनुशासन और उत्साह का परिचय दिया। आकर्षक झाकियां, डीजे, ढोल-ताशे और 'जय परशुराम' के गगनभेदी जयकारों के बीच ब्राह्मणों की अटूट एकता प्रदर्शित हुई। इससे पूर्व 18 अप्रैल को आयोजित वाहन रैली और भजन संध्या ने धर्ममयी वातावरण निर्मित कर दिया था।

## सक्षम दिव्यांग सहायता केंद्र द्वारा सूरदास जयंती पर किया गया दिव्यांग बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन




जगप्रेरणा गोंदिया।

***सूरदास जयंती के पावन अवसर पर सक्षम दिव्यांग सहायता केंद्र द्वारा सिविल लाइन स्थित महिला समाज मंडल कार्यालय, गोंदिया में दिव्यांग बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।***

प्रतियोगिता का विषय पर्यावरण रखा गया था, जिस पर बच्चों ने बेहद सुंदर और सृजनात्मक चित्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में गोंदिया के प्रसिद्ध चित्रकार अरुण नशीने एवं दीप्ति तावड़े उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में सीएस डॉ. पुरुषोत्तम पटले ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को चित्रकला किट प्रदान की गई। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना (प्रोत्साहन) पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं उपहार भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर सक्षम विदर्भ प्रांत सहसचिव प्रभाकर राव, जिला अध्यक्ष विद्यासागर मोहन, सचिव मदन मोहन शर्मा, श्रीमती सुषमा यदुवंशी, किरण अग्रवाल, डॉ. विनायक कुलकर्णी, कमल छिपेकर, डॉ. कल्पना बनर्जी, राकेश हत्तीमारे, नौश गाड़ेकर, राकेश बिसेन आदि गणमान्य उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायी रहा। आयोजकों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से दिव्यांग बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा उनकी प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच मिलता है।

## लिटिल वुड्स इंटरनेशनल स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों का गौरवपूर्ण सम्मान समारोह संपन्न




जगप्रेरणा गोंदिया।

***लिटिल वुड्स इंटरनेशनल स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा दसवीं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। विद्यालय द्वारा शत-प्रतिशत परिणाम अर्जित कर शैक्षणिक उत्कृष्टता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया गया, जिससे समस्त विद्यालय परिवार हर्ष एवं गौरव से विभोर हो उठा।***

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ, जिसे विद्यालय के संचालक आशीष अग्रवाल, संचालिका श्रीमती रेशमा अग्रवाल, प्राचार्य जावेद शेख, वरिष्ठ व्याख्याता (वाणिज्य) जफर खान तथा विद्यालय प्रबंधक दीपेंद्र चौहान के करकमलों द्वारा संपन्न कराया गया। इस पावन अवसर पर शैक्षणिक सलाहकार श्रीमती मधु पांडे भी उपस्थित रहीं। समारोह में कक्षा दसवीं में विशिष्ट सफलता अर्जित करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जिन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया उनमें कु. प्रियांशी अग्रवाल ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 'विद्यालय प्राविण्य छात्र' का गौरव अर्जित किया। कु. दिया रामचंदानी ने 93.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा कु. रुतिका ठाकरे ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं 'उत्कृष्ट प्रदर्शन' करने वाले छात्र-छात्राओं को भी पदक देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के संचालक आशीष अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक शुभाशीष प्रदान की।

उन्होंने इस सफलता को विद्यार्थियों के अथक परिश्रम, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सतत सहयोग का प्रतिफल बताया। समारोह में उपस्थित समस्त गणमान्यजनों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर प्रगति एवं उत्कर्ष के पथ पर अग्रसर रहने हेतु प्रेरित किया। यह गरिमामय आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध हुआ, अपितु विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों का उज्ज्वल प्रतीक भी बना।

## गुरुद्वारा प्रबंध समिति ने जिलाधिकारी गोंदावले से की भेंट..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा, श्री गुरु गोबिंद सिंघ जी मार्ग, रेलटोली गोंदिया की प्रबंध समिति एवं सिख समाज प्रतिनिधि मंडल ने गुरुद्वारा साहिब से संबंधित आवश्यक सुविधाओं एवं सहयोग के विषय में***

गोंदिया जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंडवाले से चर्चा हेतु सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सरदार त्रिलोचन सिंघ भाटिया, सचिव सरदार हरजीत सिंघ जुनेजा, उपाध्यक्ष स.सतबीर सिंघ मठारू, स. रनदीप सिंघ (सन्नी) भाटिया, समाजसेवी एवं सिख प्रतिनिधि इंजी. जसपाल सिंघ चावला सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। इसी क्रम में गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने डॉ. मंगेश गोंडवाले को पुष्प गुच्छ भेंट कर एक आधिकारिक ज्ञापन के साथ सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंघ जी महाराज के ऐतिहासिक धर्मस्थल तख्त सचखंड अबचल नगर हजूर साहिब नांदेड़ गुरुद्वारा साहिब महाराष्ट्र का पावन पवित्र प्रसाद भेंट किया। जिलाधिकारी डॉ. गोंदावाले ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए आवश्यक सुविधाओं हेतु सहयोग का आश्वासन दिया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com